


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 जरीन खान का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन...

वर्ष : 26 | अंक : 174 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 15 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# G-7 में भारत की धमक, मोदी-मेलोनी की सेल्फी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इटली से वापस लौटे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वदेश लौट आए हैं। प्रधानमंत्री ने 'आउटरीच नेशन' सत्र में दुनिया भर के नेताओं ने एक साथ फोटो खिंचवाई। जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सभी देशों के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी और नमस्ते सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।






प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को गले लगा लिया।

इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री किशिदा से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। हम बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक संबंधों को भी औरआगे बढ़ाना चाहते हैं।

जी-7 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्रीय के सचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया। जी-7 के मौके पर पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। इस मौके पर पीएम मोदी ने लोगों की सेवा करने के लिए पोप की तारीफ की। साथ ही पोप को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

इटली में प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिटेन के पीएम मे मिलकर खुशी हुई। मैंने भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है।

## नोएडा में कुख्यात ठक-ठक गिरोह के बदमाशों से मुठभेड़

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पुलिस कमिश्नरेट पुलिस ने कुख्यात अंतरराज्यीय 'ठक-ठक' गिरोह के दो सदस्यों को शुक्रवार रात नोएडा के सेक्टर-129 में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से एक मोटरसाइकिल, दो अवैध 315 बोर की स्थानीय निर्मित पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस, दो कारतूस के खोखे, आठ लोहे के छर्रे वाली एक गुलेल, एक लैपटॉप और उसका बैग, दो फोन, दो हेलमेट और 2,916 रुपये नकद बरामद किए गए।



पुलिस के अनुसार, गुलशन मॉल के पास नोएडा एक्सप्रेसवे पुलिस द्वारा नियमित चैकिंग के दौरान अधिकारियों ने सड़क के गलत साइड से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को देखा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ट्रोनिका सिटी की 3 फैक्ट्रियों में फैली भीषण आग

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में आज एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। कैमिकल फैक्ट्री में लगी आग ने आसपास की तीन फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। आग लगने के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। आग को बुझाने के लिए नोएडा, हापुड़ और बागपत से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई हैं। आग लगने के बाद उठ रहा दुआ कई किलोमीटर दूर से दिख रहा है।





गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लोनी क्षेत्र के ट्रॉनिका सिटी में औद्योगिक सेक्टर के सेक्टर ए-3 की कैमिकल फैक्ट्री में आज सुबह भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने आसपास की तीन फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

बताया जा रहा है कि जिस फैक्ट्री में आग लगी उसमें पैकेजिंग का भी काम होता था। यहां रखे कैमिकल ड्रम के कारण आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें दूर-दूर तक देखी जा सकती हैं। आग की लपटे और धुआं पूरे इलाके में फैला हुआ है। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर मौजूद है। आग की विकरलता को देखते हुए नोएडा, हापुड़ और बागपत से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया गया है।

## घर में घुसकर करते थे लूटपाट, पुलिस ने मारी गोली



गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस व स्वाट टीम ने मिलकर थाना निवाड़ी क्षेत्र से घर में घुसकर चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को शनिवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। दोनों चोर पिछले काफी समय से ग़ाजियाबाद पुलिस को लगातार चकमा दे रहे थे। पुलिस इनकी तलाश में थी। बदमाशों पर कई थानों में दर्जनों मुक़दमे दर्ज है।

ग़ाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि दोनों बदमाशों ने पूर्व में नगला मूसा और शेरपुर थाना निवाड़ी क्षेत्र से घर में घुसकर महिलाओं से कुंडल एवं मंगलसूत्र (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दबंगों ने दरोगा व हेड कांस्टेबल पर चढ़ाई थार कार

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में दबंगों ने सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया है। काले रंग की थार जीप में सवार चार दबंगों ने एक दरोगा और हेड कांस्टेबल की हत्या का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उपनिरीक्षक अजय मलिक ने थाना सेक्टर-49 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में तैनात है। मोरना चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल विकास मलिक से मिलने के लिए 8 जून को आए थे। दोनों सेक्टर-50 की तरफ जाने वाली सड़क पर अपनी कार खड़ी करके बातचीत कर रहे थे, तभी रात 12.30 के करीब एक काले रंग की थार वहां पर आई। थार में चार लड़के सवार थे। युवकों ने रास्ता पूछा तो उन्होंने कहा कि हमें जानकारी नहीं है किसी और से पता कर लो। इस बात को लेकर थार सवार दो लड़के बदतमीजी और गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो उन्होंने अपनी थार आगे बढ़ा दी तथा थोड़ी दूर जाकर खड़ी कर दी। पीड़ित के अनुसार जैसे ही वे अपनी कार में बैठने लगे इसी बीच थार जीप में सवार लड़कों ने अपनी थार बैक की तथा दोनों के ऊपर जान से मारने की नीयत से चढ़ा दी।

उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों को गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने अपना उपचार अस्पताल में करवाने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## योग सप्ताह का नोएडा स्टेडियम में शुभारंभ



**नोएडा (चेतना मंच)।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में 'योग स्वयम् और समाज के लिए' थीम पर आधारित दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के उपलक्ष में 15 जून से 20 जून 2024 तक चलने वाले योग सप्ताह का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया, जिसमें स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी, एन एस ए स्वयंसेवी संस्थाओं, योग संस्थाओं एवं जन सामान्य को योग प्रशिक्षक कुलभूषण दुबे एवं मनीषधर दुबे द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया तथा संवाद के माध्यम से योग से होने वाले लाभों से परिचित भी कराया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## उप्र में विस. चुनाव लड़ने को कमर कस रही है 'आप'

### 14 जुलाई को लखनऊ में सम्मेलन

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के मददेनजर आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार करने के लिए कमर कस ली है। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी संजीव निगम ने बताया कि इसको लेकर 14 जुलाई को लखनऊ में प्रदेश कमेटी का एक सम्मेलन किया जाएगा जिसमें आगे की रणनीति पर व्यापक निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नोएडा में 13 जून को हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में कई फैसले लिये गये थे। जिसके तहत हर माह के प्रथम रविवार को जिला कमेटी तथा विधानसभा कमेटियों की बैठक होगी। हर माह आम लोगों की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा तथा रचनात्मक कार्य भी किये जाएंगे। यह दो कार्य हर जनपद कमेटी तथा विधानसभा कमेटी को करने होंगे। इसी के साथ संगठन का भी व्यापक विस्तार एवं सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा।

बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी तथा राज्यसभा सांसद संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना, आठों प्रांतों के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी युवा गौतमबुद्धनगर के जिला महामंत्री राकेश अवाना समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष की घोषणा शीघ्र

आम आदमी पार्टी के रिक्त चल रहे गौतमबुद्धनगर के नये जिलाध्यक्ष की घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी। इसके लिए कई नामों पर विचार चल रहा है। बता दें कि जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन के असामायिक निधन के बाद से जिलाध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा है। भूपेन्द्र सिंह जादौन को ब्रेन हैमरेज हो गया था तथा कई अस्पतालों में उनका इलाज चला, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका 14 फरवरी 2024 को निधन हो गया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव की कवायद शुरू हो गई। अब नये जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।




**ईद पर कुर्बानी के लिए सेक्टर-8 जामा मस्जिद के पास मंडी में बकरों की खरीद चल रही है। यहां 15 हजार रूपये से लेकर 75 हजार रूपये तक के बकरे बिक रहे हैं। मंडी में शाहरूख नाम के बकरे की कीमत जहां 70 हजार रूपये है। वहीं सलमान नाम के बकरे की कीमत 75 हजार रूपये है।**

## सपा नेता को मातृ शोक

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता आफाक अहमद की वालिदा श्रीमती रजिया खातून का इंतकाल हो गया है। वह 75 वर्ष की थीं तथा काफी दिनों से बीमार चल रही थी।

सेक्टर-12 निवासी रजिया खातून पिछले कुछ दिनों से सुमित्रा हॉस्पिटल में डायलिसिस पर थी। 10 जून को उनका इंतकाल हो गया। वह अपने पीछे दो बेटों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके इंतकाल से पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है।

मालूम हो कि उनके बड़े बेटे आफाक अहमद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता है तथा पिछले तकरीबन दो दशक से वे समाजवादी पार्टी की सक्रिय राजनीति से जुड़े हैं। वे चार बार लोहियावाहिनी के नोएडा महानगर अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रजिया खातून पिछले तीन-चार वर्षो से बीमार चल रही थी तथा उनका दिल्ली तथा नोएडा के सभी बड़े अस्पतालों में इलाज हुआ। डॉक्टर के लाख कोशिशो के बावजूद भी उनको बचाया नहीं जा सका।

## चुनाव बाद दहशत

कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में अचानक बढ़े आतंकी हमलों को मोदी सरकार के शपथ-ग्रहण से जोड़ना बेमानी है, लेकिन रियासी इलाके में तीर्थयात्रियों पर हमला किया गया, जिसमें 9 लोग मारे गए और कई घायल हुए। उसके बाद कठुआ और डोडा में आतंकी हमले किए गए। बेशक कठुआ वाले आतंकी ढेर कर दिए गए, लेकिन सीआरपीएफ का एक जवान भी 'शहीद' हुआ। डोडा में मंगलवार, 11 जून की रात्रि में असम राइफल्स और स्पेशल पुलिस ऑफिसर की साझा चौकी पर भी हमला किया गया, जिसमें 6 जवान घायल हो गए। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है, जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं। अब भी 3-4 आतंकी डोडा के पास, एक समूह में, घूम रहे हैं। उन्हें जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। अचानक आतंकी हमले बढने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाकपरस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? क्या पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढने से भी पाकपरस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। शहादत का यह सिलसिला अभी जारी रहेगा, क्योंकि आतंकी गतिविधियों की जानकारी देने वाला मजबूत खुफिया नेटवर्क अभी तैयार किया जा रहा है। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं। कठुआ का उदाहरण है कि आतंकियों को स्थानीय लोगों ने पीने को पानी तक नहीं दिया और पुलिस को सूचना दे दी। नतीजतन आतंकी पकड़े और ढेर कर दिए गए। दरअसल अब आतंकी हमले उन इलाकों में हुए हैं, जहां कुछ साल पहले तक मान लिया गया था कि आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। यहां बीते 15-20 सालों के दौरान कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं किया गया था, लेकिन बीते कुछ अंतराल में आतंकवादी दिखने लगे थे। वे ही हमले कर रहे हैं। बेशक 2019 में जम्मू-कश्मीर को लेकर संविधान में सुधार किए गए थे, उनसे स्थिति बेहतर हुई, आतंकवाद से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर लगाम लगाई गई, लेकिन समस्याएं आज भी मौजूद हैं। कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं, तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। यह जनता को तय करना होगा। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि श्री रामजी के यश के संग से मेरी कविता सभी को अत्यन्त प्रिय लगेगी। जैसे मलय पर्वत के संग से काष्ठमात्र (चंदन बनकर) वंदनीय हो जाता है, फिर क्या कोई काठ (की तुच्छता) का विचार करता है?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**स्याम सुरभि पय बिसद अति गुनद करहिं सब पान।**
**गिरा ग्राम्य सिय राम जस गावहिं सुनहिं सुजान॥**

श्यामा गो काली होने पर भी उसका दूध उज्ज्वल और बहुत गुणकारी होता है। यही समझकर सब लोग उसे पीते हैं। इसी तरह गँवारू भाषा में होने पर भी श्री सीतारामजी के यश को बुद्धिमान लोग बड़े चाव से गाते और सुनते हैं॥

**मनि मानिक मुकुता छबि जैसी। अहि गिरि गज सिर सोह न तैसी॥**
**नृप किरीट तरुनी तनु पाई। लहहिं सकल सोभा अधिकाई॥**

मणि, माणिक और मोती की जैसी सुंदर छबि है, वह साँप, पर्वत और हाथी के मस्तक पर वैसी शोभा नहीं पाती। राजा के मुकुट और नवयुवती स्त्री के शरीर को पाकर ही ये सब अधिक शोभा को प्राप्त होते हैं॥

**तैसेहिं सुकबि कबित बुध कहहीं। उपजहिं अनत अनत छबि लहहीं॥**
**भगति हेतु बिधि भवन बिहाई। सुमिरत सारद आवति धाई॥**

इसी तरह, बुद्धिमान लोग कहते हैं कि सुकवि की कविता भी उत्पन्न और कहीं होती है और शोभा अन्यत्र कहीं पाती है (अर्थात कवि की वाणी से उत्पन्न हुई कविता वहाँ शोभा पाती है, जहाँ उसका विचार, प्रचार तथा उसमें कथित आदर्श का ग्रहण और अनुसरण होता है)। कवि के स्मरण करते ही उसकी भक्ति के कारण सरस्वतीजी ब्रह्मलोक को छोड़कर दौड़ी आती हैं॥

(क्रमशः...)

# संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक

देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है।



आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो।

बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आज़ादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज़ और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं।

**आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं।**

सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है। यह खुशी की बात है कि केन्द्र में बनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमण्डल में ऐसी विवशता को काफी सीमा तक नियंत्रित किया गया है। सीमाओं पर राष्ट्र की सुरक्षा करने वालों की केवल एक ही मांग सुनने में आती है कि मरने के बाद हमारी लाश हमारे घर पहुंचा दी जाए। ऐसा जब पढ़ते तो हमारा मस्तक उन जवानों को सलाम करता है, लगता है कि देश भक्ति और कुर्बानी का माद्दा अभी तक मरा नहीं है। लेकिन राजनीति में ऐसा आदर्श कब उपस्थित होगा। राजनीति में चरित्र एवं नैतिकता के दीये की रोशनी मन्द पड़ गई है, तेल डालना होगा। दिल्ली सरकार में मंत्रियों के घरों पर सीबीआई के छापे और जेल की सलाखें हो या बिहार मंत्री परिषद के गठन में अपराधी तत्वों की ताजपोशी-ये गंभीर मसले हैं, जिन पर राजनीति में गहन बहस हो, राजनीति के शुद्धिकरण का सार्थक प्रयास हो, यह नया भारत -सशक्त भारत की प्राथमिकताएं होनी ही चाहिए।


सभी अपनी-अपनी पहचान एवं स्वार्थपूर्ति के लिए दौड़ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं। कोई पैसे से, कोई अपनी सुंदरता से, कोई विद्वता से, कोई व्यवहार से अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए प्रयास करते हैं। राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज़ कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज़ संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो।

**- ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## कब होगा नगद ईनाम बांट समारोह

पहले भाजपा की जयराम सरकार ने राज्य के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीते गए पदकों की ईनामी राशि को काफी सम्मानजनक स्तर तक तो जरूर बढ़ाया है, मगर पदक विजेताओं के लिए ईनाम बांट समारोह का आयोजन नहीं हो पाया है। कांग्रेस सरकार को भी चुने हुए दूसरा वर्ष भी आधा खत्म हो रहा है, मगर यह सरकार भी राज्य के वरिष्ठ व कनिष्ठ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए ईनाम बांट समारोह आयोजित नहीं कर पाई है। हां, यह अलग बात है कि मुख्यमंत्री ने नयी खेल नीति बनाने की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए बजट में ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता की नगद ईनामी राशि को तीन करोड़ रुपए से पांच करोड़ रुपए, रजत पदक की दो करोड़ रुपए को तीन करोड़ रुपए व कांस्य पदक विजेता के एक करोड़ रुपए को दो करोड़ रुपए तक बढ़ाया है। एशियन व राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं के नगद ईनाम में भारी बढ़ोतरी कर एशियाड के स्वर्ण पदक विजेता के पचास लाख रुपए को चार करोड़ रुपए, रजत के बीस लाख रुपए को अढाई करोड़ रुपए व कांस्य पदक विजेता के बीस लाख रुपए को डेढ़ करोड़ तथा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता को तीन करोड़, रजत के लिए दो करोड़ रुपए व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए तक बढ़ा कर हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को बहुत बड़ी सौगात दी है। जब विक्रमादित्य खेल मंत्री थे तो उन्होंने राज्य के लिए नयी खेल नीति लाने की बात की थी जिससे खिलाड़ियों को अधिक लाभ होगा।

दशक पूर्व जब हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने अंतरराष्ट्रीय खेलों के पदाधिकारियों की ईनामी राशि को लाखों से करोड़ों में किया था तो उसके बाद हरियाणा में खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों ने अपने बच्चों का कैरियर खेलों में तलाशना शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में ड्रिल व खेलों के लिए एक पीरियड जो वर्षों पहले पढ़ाई के नाम पर खत्म कर दिया था, अब फिर से शुरू करने का क्रांतिकारी कदम उठा कर सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों की फिटनेस को ध्यान में रखने को तो जरूर कहा है, मगर खेलों के प्रशिक्षण व प्रतियोगिताओं के लिए समय सीमित कर दिया है, जो कथनी व करनी में बहुत फर्क दिखा रहा है। प्रतियोगिता व प्रशिक्षण शिविरों के समय खिलाड़ियों को खाने में बहुत दिक्कत रहती है। सरकार द्वारा खुराक भत्ता बढ़ाना हिमाचल प्रदेश की खेलों व खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है, मगर साथ ही साथ खिलाड़ियों के प्रशिक्षण व प्रतियोगिताओं के लिए उचित समय देकर खेलों के साथ न्याय करे। हिमाचल की सुक्खू सरकार ने राज्य में खेलों के लिए ऐतिहासिक फैसले लेकर खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को खुश कर दिया है। आशा करते हैं कि जुलाई के उपचुनावों के बाद जल्दी ही प्रदेश के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल को गौरव दिलाने वाले पदकधारियों के लिए नगद ईनाम बांट



समारोह का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा। ओलंपिक 2036 भारत में आयोजित करवाने की बात हो रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस स्तर पर भारत का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट हो। इसलिए भारत में अच्छे प्रशिक्षकों को सही सुविधा व प्रबंधन देना बहुत ही जरूरी हो जाता है, क्योंकि खिलाड़ी से उच्च परिणाम केवल प्रशिक्षक ही दिलाता है, मगर कांग्रेस सरकार की इस ईनाम बढ़ोत्तरी में प्रशिक्षक को मिलने वाले नगद ईनाम पर चुप्पी क्यों है।

आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है, क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव द्वारा विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है, जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता। विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। आशा करते हैं कि सरकार उन्हें भी सम्मानजनक ईनामी राशि देगी। इस संबंध में जल्द ही फैसला हो जाना चाहिए। जहां तक हिमाचल में खेल उत्कृष्टता की बात है, इस क्षेत्र में अभी बहुत काम होना बाकी है। सरकार को भी काम करना है और निजी प्रयासों की भी और आवश्यकता है। अब तक देखा जाए, तो सरकारों के काम में अन्य राज्यों की तुलना में और प्रयासों की जरूरत है। निजी प्रयासों का ब्योरा इस कॉलम में कई बार दिया जा चुका है। निजी प्रयास काफी हुए हैं, फिर भी और प्रयास किए जाएं तो अच्छा प्रतिफल मिलेगा। लेकिन इसके लिए निजी प्रयास कर रहे खेल प्रशिक्षकों को सरकार को प्रोत्साहित करना चाहिए। तभी खेलों में उत्कृष्टता आएगी।

**-भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

## राशिफल

**ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष : नवमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान में अपनापन होगा और व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
जरुरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी जीवन में। झगड़ा मोल न लें। बाकी स्वास्थ्य अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आमदनी के नए- नए जरिया बनेंगे। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। सरकारी तंत्र का साथ होगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। शिवजी को प्रणाम करते रहें।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चिकालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 123वें दिन धरना जारी रहा।

# विश्व रक्तदान दिवस पर रोटरी क्लब ने लगाया कैम्प



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब अध्यक्ष कपिल शर्मा ने बताया विश्व रक्तदान दिवस पर रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा के द्वारा एक ब्लड डोनेशन कैंप गौतमबुधनगर चेरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से मिहिर भोज डिग्री कॉलेज दादरी में लगाया गया।

जिसमें 36 छात्र-छात्राओं के द्वारा ब्लड डोनेट किया गया। स्वस्थ व्यक्ति एक साल में 3-4 बार ब्लड डोनेट कर सकता है।

कैम्प में कपिल शर्मा, रेखा, राजेंद्र पवार, सपना नागर, सेवकराम, ईश्वर भाटी आदि मौजूद थे।

# मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस ने शुक्रवार की शाम को एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी है। इनके पास से पुलिस ने देसी तमंचा, चोरी की मोटरसाइकिल, 18,850 रुपए नगद बरामद किया है। दोनों बदमाश लूटपाट करने की फिराक में घूम रहे थे, तभी उनकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इन बदमाशों पर पूर्व में कई मामले दर्ज हैं।



अपर पुलिस उपायुक्त ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार और उनकी पुलिस टीम शुक्रवार की शाम को बदमाशों की तलाश में चेकिंग कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो बदमाश 6 प्रतिशत प्लांट की तरफ आते हुए दिखाई दिए। जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो बदमाश रुकने की बजाए रोजा याकूबपुर गांव की तरफ भागने लगे। उन्होंने बताया कि पीछा करके पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। उनकी मोटरसाइकिल गिर गई। जब पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो बदमाशों ने उनके ऊपर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी।

उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दीपक उर्फ बंटी पुत्र बलबीर सिंह निवासी जनपद हाथरस तथा रवि कुमार पुत्र श्री चरण सिंह निवासी जनपद हाथरस के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों के पास से पुलिस ने एक-एक देसी तमंचा, कारतूस व चोरी की एक मोटरसाइकिल तथा 18,850 रूपए नगद बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि दोनों बदमाश लूटपाट और चोरी करने की नीयत से घूम रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# नोएडा पुलिस ने जब्त की एक करोड़ की ई-सिगरेट, दो तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने मादक पदार्थो की एक बड़ी खेप पकड़ी है। नोएडा सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस और सीआरटी ने दिल्ली-एनसीआर में गांजा और ई-सिगरेट की आपूर्ति करने वाले गिरोह के दो तस्करों को गुरुवार रात गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चार किलो गांजा और 2480 ई-सिगरेट बरामद हुआ। ई-सिगरेट की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गुरुवार शाम को सूचना मिली कि कुछ लोग भारी संख्या में ई-सिगरेट लेकर गुरुग्राम से ऑटो में निकले हैं जिसकी आपूर्ति नोएडा समेत अन्य जगहों पर होनी है। पुलिस की सीआरटी और सेक्टर-20 टीम ने घेराबंदी करनी शुरू कर दी। पुलिस ने डीएलएफ तिराहे के पास देर रात मथुरा निवासी रवि कुमार और झारखंड के धनबाद निवासी शहनवाज को ई-सिगरेट के साथ दबोच लिया। गिरोह का सरगना गुरुग्राम निवासी जितेंद्र वालिया उर्फ केडी उर्फ सोनू पुलिस की पकड़ से अभी दूर है।



गिरफ्तार किए गए आरोपितों ने बताया कि जितेंद्र वालिया उर्फ केडी उर्फ सोनू उन्हें गांजा और ई-सिगरेट सप्लाई करने के लिए देता है। गांजा और ई-सिगरेट को दिल्ली एनसीआर के स्कूल, कालेजों, यूनिवर्सिटी और पीजी में रहकर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को फुटकर में बेचा जाता है। मांग अधिक होने पर कीमत भी कई गुना बढ़ जाती है। बरामद हुई एक सिगरेट की कीमत चार से पांच हजार रुपये है। वहीं, गांजे की मादकता को बढ़ाने के लिए केमिकल मिलाया जाता था। इस कारण से इसकी बाजार में कीमत ज्यादा होती थी। नोएडा पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों तस्करों का काम ग्राहक को ई-सिगरेट डिलिवर करना मात्र था।

# ग्रेटर नोएडा में 21 सब-इंस्पेक्टरों के तबादले

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर ग्रेटर नोएडा में 21 सब-इंस्पेक्टर के तबादले किए गए हैं। इनमें 12 चौकी इंचार्ज शामिल है, जिनको इधर से उधर किया गया है।



पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, उपनिरीक्षक अश्वनी यादव को थाना बीटा-2 चौकी इंचार्ज बनाकर भेजा है। वह अभी तक दादरी में तैनात थे। उपनिरक्षक विनोद सिंह को चौकी प्रभारी अल्ट्राटेक थाना जारचा की जिम्मेदारी दी गई है। लाल सिंह को चौकी प्रभारी जज कॉलोनी (थाना बीटा-2) बनाया है। उदयवीर सिंह को चौकी प्रभारी परी चौक की जिम्मेदारी दी गई है। देवेंद्र राठी को दादरी थाने के कस्बा पुलिस चौकी की जिम्मेदारी दी गई।

सन्नी कुमार को भी बीटा-2 थाने में तैनात एक चौकी का प्रभारी बनाया गया। दरोगा देवेंद्र कुमार पांडे को अल्फा का चौकी प्रभारी बनाया गया है। महिला दरोगा अलका चौधरी को चौकी प्रभारी यथार्थ हॉस्पिटल की जिम्मेदारी दी गई है। महेश चौधरी को AWHO चौकी प्रभारी बनाया गया है। अरुण कुमार बालियान को चौकी प्रभारी NPX नॉलेज पार्क की जिम्मेदारी मिली।

प्रदीप कुमार द्विवेदी को सेथली चौकी इंचार्ज (थाना जारचा) भेजा गया। चंद्रकांत शर्मा को VIET चौकी प्रभारी बनाया गया है। हरवीर सिंह को कासना से हटकर रेलवे रोड का चौकी प्रभारी बनाया गया है। विकास यादव जगत फार्म में चौकी प्रभारी के रूप में आए हैं, वह अभी तक बीटा-2 थाना क्षेत्र में स्थित अल्फा चौकी प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे थे।

उपनिरीक्षक सचिन कुमार को नॉलेज पार्क कोतवाली भेजा गया है। सोहनवीर को दनकौर थाना, गजेंद्र सिंह को भी दनकौर थाना, अंकित शर्मा और राजेश बाबू को बीटा-2 कोतवाली भेजा गया है। वहीं, जितेंद्र गुप्ता को थाना रबूपुरा से अटैच किया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**नोएडा में कुख्यात....**

रुकने का इशारा करने पर संदिग्धों ने सेक्टर 168 की डबल सर्विस लेन की ओर भागने का प्रयास किया। कुछ संदिग्ध महसूस होने पर पुलिस ने उनका पीछा किया।

जैसे ही पुलिस ने घेराव किया, पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस वालों पर जान से मारने के इरादे से गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें संदिग्ध घायल हो गए। उनकी पहचान दक्षिण दिल्ली के गोविंदपुरी निवासी दीपक चौहान उर्फ निखिल और हापुड़ जिले के धौलाना गांव निवासी तरुण सक्सेना उर्फ तन्नू के रूप में हुई है। वे 'ठक-ठक' गिरोह के सदस्य हैं।

एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे खड़ी कारों को निशाना बनाते थे, गुलेल और लोहे के छर्रों से खिड़कियां तोड़कर लैपटॉप, बैग और पर्स जैसे कीमती सामान चुराते थे।

**घर में घुसकर ...**

तथा पांच मोबाइल चुराए थे। शनिवार को थाना निवाडी पुलिस ने दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपियों की पहचान वसीम पुत्र सल्लू और सलमान पुत्र वकालत के रूप में हुई है।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि आरोपी कहीं जा रहे है तो उनकी धरपकड़ के लिए नहर की पटरी से पतला जाने वाले रोड पर घेराव किया गया जहां दोनों अपराधियों और थाना निवाडी पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी वसीम के पैर मे गोली लग गयी और दूसरा आरोपी मौके से भाग गया जिसे कुछ दूरी पर गिरफ्तार कर लिया गया है। घायल हुए बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसीपी ने बताया कि आरोपियों पर लूट/डकैती/चोरी/ एवं हत्या का प्रयास आदि के करीब आधा दर्जन से ज्यादा मुक़दमे दर्ज हैं। बदमाशों के पास से लूटी गयी नगदी, 1 तमंचा, 315 बोर व जिंदा ब खोखा कारतूस बरामद हुए है।

**योग सप्ताह का नोएडा....**

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी धर्मेंद्र कुमार केम ने बताया कि योगाभ्यास के दौरान गैर सरकारी संस्थान नीमा, आर्ट ऑफ लिविंग आदि के साथ-साथ लगभग 250 लोगों ने प्रतिभाग किया। साथ ही इस दौरान धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क हेल्थ जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रीति, नोडल अधिकारी डॉक्टर बी.पी. सुशील तथा आयुष विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार केम ने बताया कि इसी प्रकार 16 जून 2024 को प्रातः 6:00 बजे से 7:00 तक तहसील दादरी, ब्लॉक दादरी एवं मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में भी योग सप्ताह के तहत योगाभ्यास कराया जाएगा। इस अवसर पर भी सभी आम जनमानस आमंत्रित हैं। योगाभ्यास के दौरान अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग से लाभों की जानकारी प्राप्त करते हुए योग को अपने दैनिक जीवन की क्रियाकलापों में सम्मिलित करें।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0: पीआरवाईजे-सिग-08-2024-25 दिनांकः 11.06.2024

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 04.07.2024 को 12:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मण्डल के आईपीआईएस मदों (मैसर्स एवीडीएस मेक) का तीन वर्षों के लिए समग्रह वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध।

**अनुमानित मूल्य (र):** 68,13,051/-, **बिड सिक्यूरिटी (र):** 1,36,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (र):** 0/-, **कार्य समापन की अवधिः** 36 माह, **निविदा बन्द होने की तिथिः** 04.07.2024 **2. निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **3. बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्योरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदादाता बिड सिक्योरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गई बिड सिक्योरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टाम्प शुल्क के अनुसार होना चाहिए। बैंक गारन्टी जमा करते समय यह 30प्र0 स्टाम्प अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिए। बिना बिड सिक्योरिटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी। **4.निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **5. निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **6. निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1018/24(K)

@CPRONCR @northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



## खास खबर

### फ्लिपकार्ट की किया सबसे बड़े ब्यूटी फेस्टिवल का आयोजन

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने बहुप्रतीक्षित ग्लैम अप फेस्ट 2024 के दूसरे एडिशन का आयोजन जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में किया जाएगा। यह भारत के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट आयोजनों में से एक है,जिसमें 3500 से अधिक ब्यूटी एवं लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर्स के अलावा 70 से ज्यादा टॉप ब्रैंड्स विभिन्न कंज्यूमर कैटेगरीज़ की भागीदारी होगी। ग्लैम अप फेस्ट कई लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर्स को अभूतपूर्व तथा इमर्सिव प्लेटफार्म मुहैया कराएगा और ये इंफ्लुएंसर्स सोशल मीडिया के जरिए अपने फौलोअर्स के लिए ब्यूटी और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज को इंटरेक्टिव फीचर्स के साथ प्रस्तुत करेंगे। इस साल फ्लिपकार्ट के ग्लैम अप फेस्ट एक ही छत के नीचे कई लोकल और इंटरनेशनल ब्रैंड्स को ला रहा है और इनका जश्न मनाने के लिए कई हस्तियां तापसी पन्नू, सिद्धांत चतुर्वेदी, रोहित सर्राफ, अदा शर्मा और पश्मिना रोशन आदि भी एकजुट हो रही हैं। ये हस्तियां तथा इंफ्लुएंसर्स फ्लिपकार्ट की एआर तथा वीआर क्षमताओं का लाभ उठाते हुए कई इनोवेटिव टूल्स जैसे वर्चुअल ट्राई-ऑन, वीडियो कॉमर्स, स्किन एनेलाइज़र्स और अन्य समेत इमर्सिव ब्रैंड बूथ्स के साथ एंगेजमेंट बढ़ाएंगे। साथ ही, प्रोडक्ट्स को देखने एवं बेहतर शॉपिंग अनुभव भी मिलेंगे। वेन्यू पर को-क्यूरेटेड एक्सपीरिएंशियल ब्रैंड ज़ोन्स के लिए लॉरियाल, लैक्मे, मेबिलिन, शुगर कॉस्मेटिक्स, मामाअर्थ, रीबॉक, रेवलॉन, न्यूट्रोजेना तथा सेटाफिल ने पहल की है जहां नए लॉन्च, डील्स, और सिग्नेचर कलेक्शंस होंगे। 14 जून कोइस एक-दिवसीय ब्यूटी फेस्ट में कई उल्लेखनीय ब्रैंड लॉन्च, इंटरेक्टिव एक्टिविटीज़, ब्यूटी डेमोन्स्ट्रेशंस, प्रोडक्ट ट्रायल्स और समर्पित फोटो तथा वीडियो स्टेशंस भी होंगे। इस आयोजन में फ्लिपकार्ट लीडरशिप की ओर से मंजरी सिंघल, हैड ऑफ बिजनेस, एफएमसीजी तथा जनरल मर्चेंडाइज़, फ्लिपकार्ट, हेमंत बदरी, हैड ऑफ सप्लाई चेन एवं एसवीपी, कस्टमर एक्सपीरियेंस तथा री-कॉमर्स और जयेंद्रन वेणुगोपाल, चीफ प्रोडक्ट एंड टैक्नोलॉजी ऑफिसर, फ्लिपकार्ट की भी भागीदारी रहेगी जो टैक्नोलॉजी इनोवेशंस, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर इंडस्ट्री के बारे में अपने विचारों से अवगत कराएंगे।

### जी5 ने अपनी अगली डायरेक्ट-टू-डिजिटल फिल्म, रौतू का राज का ट्रेलर जारी किया

**मुंबई, एजेंसी।** जी5,भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म और बहुभाषी कहानीकार, अपनी अगली डायरेक्ट-टू-डिजिटल फ़िल्म, रौतू का राज की घोषणा करने के लिए उत्साहित है। ज़ी स्टूडियोज़ और फट फिश रिकॉर्ड्स द्वारा निर्मित और आनंद सुरपुर द्वारा निर्देशित, रौतू का राज़ में नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में इंस्पेक्टर दीपक नेगी के रूप में नजर आएंगे। मिस्ट्री थ्रिलर में राजेश कुमार, अतुल तिवारी और नारायणी शास्त्री भी सहायक भूमिकाओं में हैं और यह उत्तराखंड के रौतू की बेली के सुरम्य गाँव में बनाई गई है। पिछले साल 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इस फ़िल्म का भव्य प्रीमियर हुआ था, जहाँ इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था और अब यह 28 जून को अपने ओटीटी प्रीमियर के लिए तैयार है। यह फिल्म रौतू की बेली में एक अंधे स्कूल के वार्डन की रहस्यमयी मौत के इर्द-गिर्द घूमती है, जो की एक शांत शहर है, जिसने पंद्रह साल से भी एक भी हत्या नहीं देखी है। यहीं पर साह दीपक नेगी उर्फ़ नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी टीम इस दुर्लभ और हाई-प्रोफाइल हत्या की जांच को सुलझाने का काम दिया जाता है। फिल्म में साह दीपक नेगी (नवाजुद्दीन द्वारा अभिनीत) और सब इंस्पेक्टर डिमरी (राजेश कुमार द्वारा अभिनीत) के बीच एक अनोखी और खुशमिज़ाजी यारी का प्रदर्शन करती है, जिन्हें इस हत्या की जांच के कारण अपने आलसीपन से बाहर आना पड़ता है। जी5 इँडिया के चीफ़ बिज़नेस ऑफ़िसर मनीष कालरा ने कहा, जी5 पर हम अपने दर्शकों को मनोरंजक कहानियाँ पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और रौतू का राज इसका एक प्रमुख उदाहरण है।

# जीपीईएस सोलर का आईपीओ ओपन

## कीमत 100 रुपये से भी कम, ग्रे मार्केट में दबदबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर इंवर्टर और सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी जीपीईएस सोलर का आईपीओ आज से खुल रहा है। इस आईपीओ का साइज 30.79 करोड़ रुपये का है। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इश्यू पर आधारित है। इस इश्यू के जरिए कंपनी 32.76 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी।

कंपनी का इश्यू 14 जून यानी आज से 19 जून तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 90 रुपये से 94 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। हालांकि, लॉट साइज 1200 शेयरों का बनाया गया है। जिस वजह से कंपनी के आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों को कम से कम 1,12,800 रुपये खर्च करने होंगे। जीपीईएस सोलर की तरफ से शेयरों का अलॉटमेंट 20 जून को किया जाएगा। वहीं, एनएसई एसएमई में कंपनी



की लिस्टिंग 24 जून को संभव है। ग्रे मार्केट में जीपीईएस सोलर ने धूम मचाया हुआ है। कंपनी आज 130 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रही है। यानी निवेशकों को पहले दिन ही 138 प्रतिशत का फायदा हो सकता है। अगर यही ट्रेंड जीपीईएस सोलर की लिस्टिंग तक रहा तो कंपनी शेयर बाजारों में 224 रुपये पर डेब्यू कर सकती है। यानी निवेशकों का पैसा पहले दिन ही दोगुना हो सकता है। बता दें, 13 जून को जीपीईएस सोलर का जीएमपी 125 रुपये था। यानी तब से अबतक कंपनी के जीएमपी में इजाफा हुआ है।

### एंकर निवेशकों से कंपनी ने जुटाए 8.30 करोड़ रुपये

जीपीईएस सोलर का आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 13 जून 2024 को खुला था। कंपनी ने आईपीओ के जरिए 8.30 करोड़ रुपये जुटाए थे। आईपीओ के पूरे हिस्से में कम से कम 35 प्रतिशत रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व है। वहीं, क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के

## देशों में नए घरों की सप्लाई के मुकाबले बिक्री ज्यादा, इसलिए प्रॉपर्टी की कीमतों में आया इतना बड़ा उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले दो साल में भारत के शीर्ष 7 शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत में 13 प्रतिशत की सीएजीआर (कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) से इजाफा हुआ है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में 8.25 लाख नए घर लॉन्च हुए हैं। वहीं, इस दौरान 8.72 लाख घरों की बिक्री हुई है। इसलिए प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2013 के बाद से ही प्रॉपर्टी के दाम बढ़ रहे हैं। पिछले दो



वर्षों में 13 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़े हैं। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई 1.3 प्रतिशत गिरकर 5.4 प्रतिशत रह गई है। यह दिखाता है कि रियल एस्टेट महंगाई को आउटपरफॉर्म कर रहा है। कंसल्टेंट फर्म का कहना है कि महंगाई के दौर में अपनी वेल्थ को बनाने और बढ़ाने के लिए रियल एस्टेट एक अच्छे निवेश के माध्यम के रूप में उभरा है। जनसंख्या बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है। इस कारण आने वाले समय में भी प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़त जारी रह सकती है।

## बुंदेलखंड में बसने वाली औद्योगिक टाउनशिप नोएडा से भी होगी बड़ी, पूरे यूपी की बदलेगी तस्वीर



**लखनऊ एजेंसी।** झांसी के पास आकार लेने वाले बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) शहर के मास्टर प्लान का जिम्मा अंतरराष्ट्रीय कंपनी सुर्बाना जुराग को सौंपा गया है। वहीं अमेरिकी कंपनी सीबीआरई कंसल्टेंट के तौर पर बीडा को विकसित करने में सहयोग करेगी। सुर्बाना जुराग कंपनी ने सिंगापुर का मास्टर प्लान तैयार किया है, जबकि अमेरिकी कंपनी सीबीआरई ने हाईटेक स्पेस सिटी, मलेशिया और महाराष्ट्र स्थित शेन्ड्रा-बिडकिन इंडस्ट्रियल पार्क पर काम किया है। बीडा शहर न केवल बुंदेलखंड का कायाकल्प करेगा बल्कि कानपुर तक औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। 47 साल बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ये पहल पर बुंदेलखंड सहित पूरे प्रदेश को नोएडा से बड़ी औद्योगिक टाउनशिप मिलेगी। नोएडा की तर्ज पर झांसी के 33 गांवों की 35300 एकड़ जमीन को अर्जित कर आधुनिक और निवेश सिटी के रूप में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा बीडा शहर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहर का मास्टर प्लान बनाने के लिए सिंगापुर की जुर्बाना जुराग ने न केवल सिंगापुर का मास्टर प्लान तैयार किया है, बल्कि चीन के सुझा इंडस्ट्रियल एरिया किगाली, जी-4 सिटी शहरों को भी आकार दिया है। काम पूरा होने के बाद बीडा नोएडा से भी बड़ा शहर होगा।

### 11 महीने में तैयार होगा मास्टर प्लान

दोनों कंपनियों को 11 महीने के अंदर बीडा सिटी का मास्टर प्लान तैयार करने का समय दिया गया है। इसके बाद वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, मैन्यूफैक्चरिंग, सेमी कंडक्टर, वैकल्पिक ऊर्जा, ई-वाहन संयंत्र, आटोमोबाइल और डिफेंस सेक्टर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों को भूखंड आवंटित करने की शुरुआत होगी। अभी तक बीडा द्वारा 4100 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है।

## आईआईटी मद्रास ने खेल में उत्कृष्टता के आधार पर यूजी प्रोग्राम में प्रवेश देने की शुरुआत की

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास ) ने शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 से 'खेल में उत्कृष्टता के आधार पर प्रवेश' (एसईए) देने की शुरुआत की है । संस्थान के प्रत्येक अंडरग्रैजुएट प्रोग्राम में अब भारतीय नागरिकों के लिए दो सुपरन्युमरी सीटें होंगी । इनमें एक खास कर छात्राओं के लिए होगी। आईआईटी मद्रास देश का पहला आईआईटी है जिसने अंडर ग्रैजुएट प्रोग्राम में विशिष्ट खिलाड़ियों को प्रवेश देने की शुरुआत की है।अधिक जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। संस्थान ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को मान्यता और पुरस्कार देने के लक्ष्य से यह पहल की है ।इससे योग्य छात्र खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। एसईए के माध्यम से प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों को भी जेईई (एडवांस्ड) क्वालीफाई करना होगा । हालांकि यह संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) पोर्टल नहीं, बल्कि एक अलग पोर्टल के माध्यम से होगा जिसे आईआईटी मद्रास ने 11 जून 2024 को लॉन्च किया।

# फॉगसी ने विस्तृत टीकाकरण शेड्यूल पेश किया

**मुंबई, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज़ ऑफ इंडिया (फॉगसी) ने हाल ही में महिलाओं के लिए एक विस्तृत टीकाकरण शेड्यूल पेश किया है, जिसमें व्यस्क महिलाओं और नई माँओं को लगाए जाने वाले आवश्यक टीकों की विस्तृत सूची और टीकाकरण की अनुशंसित आवृत्ति दी गई है। फॉगसी और एमएसडी फार्मा ने भारत में महिला टीकाकरण की जागरुकता बढ़ाने और टीकों द्वारा महिलाओं की बीमारियों को रोकने में मदद करने के लिए गठबंधन किया है। अभिनेत्री और महिला स्वास्थ्य की समर्थक, काजल अग्रवाल ने हाल ही में मुंबई में आयोजित एक समारोह में टीकाकरण शेड्यूल का अनावरण किया। इस अवसर पर उनके साथ डॉ. जयदीप टांक, प्रेसिडेंट, फॉगसी; डॉ. माधुरी पटेल, सेक्रेटरी जनरल, फॉगसी; प्रो. डॉ. हृषिकेश पाई, फॉगसी के पिछले प्रेसिडेंट और एफआईजीओ (एशिया -




ओशिनिया) के वर्तमान ट्रस्टी; डॉ. रेशमा पाई, फॉगसी की पूर्व प्रेसिडेंट; डॉ. नंदिता पलशेतकर, फॉगसी की पूर्व प्रेसिडेंट और आईएसएआर (इंडियन सोसाइटी ऑफ आर्टिफिशियल रिप्रोडक्शन) की पिछली प्रेसिडेंट और डॉ. प्रिया गणेशकुमार, फॉगसी ऑन्कोलॉजी कमिटी की चेयरपर्सन मौजूद थीं, जो फॉगसी के लिए इस परियोजना का नेतृत्व कर रही हैं। इस लॉन्च के बाद वक्ताओं ने 'महिलाओं में टीकाकरण और टीके द्वारा बीमारियों को रोकने के महत्व' (इंपॉर्टेंस ऑफ इम्युनाईज़ेशन एंड वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ेज़ इन वीमैन) पर एक पैनल वार्ता भी की। इस रिपोर्ट में सामने आया कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले खराब सेहत में 25 प्रतिशत ज्यादा समय बिताती हैं। टीकाकरण से इस स्थिति में परिवर्तन लाया जा सकता है और महिलाओं को टीका लगाकर उन्हें बीमारियों से बचाया जा सकता है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। फॉगसी के प्रेसिडेंट, डॉ. जयदीप टांक ने कहा, ''महिलाओं के लिए फॉगसी का अपडेटेड टीकाकरण शेड्यूल उनके निवारक स्वास्थ्य की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस विस्तृत संसाधन से महिलाओं और डॉक्टरों को स्पष्ट होगा कि उन्हें क्या करना है, जिससे टीकाकरण के बारे में जागरुकता बढ़ेगी।

# कैटरीना कैफ़ बनीं बॉन ग्रुप और अमेरिकाना बिस्किट्स की नई ब्रैंड एंबैसडर

## बॉन के पास है फूड इंडस्ट्री का 39 वर्षों का लंबा अनुभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख एफएमसीजी फूड ग्रुप्स में से एक बॉन ग्रुप ने बॉलीवुड अदाकारा कैटरीना कैफ़ को बॉन ब्रेड्स तथा बेकरी रेंज के साथ-साथ अमेरिकाना बिस्किट्स की ब्रैंड एंबैसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। कैटरीना की मौलिकता, बहुमुखी प्रतिभा और बड़े पैमाने पर आकर्षण दरअसल, हर प्रोडक्ट में एक्सीलेंस और क्वालिटी के प्रति बॉन की प्रतिबद्धता से मेल खाता है। इस तरह कैटरीना उन ब्रैंड्स के आकर्षण को सहज रूप से बढ़ाती हैं जिनका वह प्रचार करती हैं; बॉन ग्रुप एंड अमेरिकाना बिस्किट्स के साथ उनका जुड़ाव ब्रैंड की छवि और विस्तार दोनों को बढ़ाएगा, और युवा आबादी को ब्रैंड के प्रोडक्ट्स के साथ जोड़ेगा।

बॉन ग्रुप ब्रेड, बिस्किट, केक एवं कुकीज़ समेत तरह-तरह की फूड कैटेगरी से जुड़ा है। अमेरिकाना बिस्किट्स इस ग्रुप के सबसे तेजी से बढ़ रहे ब्रैंड्स में से है और आने वाले वर्षों में यह जबदर्स्त ग्रोथ दर्ज कराने की दिशा में अग्रसर है। ब्रैंड ने अपने प्रोडक्ट्स को प्रमोट करने के लिए टेलीविजन कैम्पेन तैयार किया है




तथा प्रिंट, आउटडोर, ऑनलाइन प्रचार समेत ऑन-ग्राउंड एक्टीवेशन की भी योजना बनायी है। यह महत्वपूर्ण गठबंधन दोनों पक्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का भी सूचक है। पिछले 39 वर्षों में बॉन ग्रुप ने उपभोक्तावाद की बदलती आकांक्षाओं को बखूबी समझकर हेल्थ, टेस्ट तथा क्वालिटी के मानकों पर खरे उतरने वाले विस्तृत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को सफलतापूर्वक तैयार किया है। यही वजह है कि ब्रैंड आज देश की हिंदीभाषी पट्टी में ब्रेड एवं बिस्किट कैटेगरी में काफी पसंदीदा बन चुकी है। कैटरीना कैफ़ लाखों लोगों के लिए आइकॉन और रोल मॉडल हैं, और उनकी फिटनेस का जवाब नहीं है, साथ ही, वह परफॉर्मेंस मानकों और वर्क एथिक्स के पैमाने पर भी लगातार शानदार बनी हुई हैं। बॉन ग्रुप इस गठबंधन के चलते एक मल्टी-मीडिया कैम्पेन शुरू करेगा जिसमें कैटरीना कैफ़ को अमेरिकाना बिस्किट्स, बॉन ब्रेड और बेकरी प्रोडक्ट रेंज को प्रमोट करते हुए दिखाया गया है। कैम्पेन भरपूर प्यार और देखभाल के साथ तैयार तरह-तरह की ब्रेड एवं बिस्किट्स की उम्दा रेंज को प्रदर्शित करते हुए आधुनिक उपभोक्ताओं की खानपान संबंधी पसंद की कसौटियों पर भी खरा उतरता है। बॉन ग्रुप देशभर में कई राज्यों तथा दुनिया के तीन महाद्वीपों के 55 से अधिक देशों में हेल्दी फूड प्रोडक्ट्स की वैरायटी पेश करता है। अमरिंदर सिंह, डायरेक्टर, बॉन ग्रुप ने कहा, कैटरीना कैफ़ की अपील और एक्सीलेंस हासिल करने के पीछे उनके प्रयास वास्तव में, क्वालिटी, हेल्थ और वेलनेस के प्रति बॉन की प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं।

## रोबोटिक हार्ट सर्जरी एक आधुनिक टेक्नोलॉजी है: डॉ. युगल किशोर

**भोपाल।** बढ़ती हृदय की समस्याएं चिंताजनक स्तर पर पहुँच गई हैं क्योंकि कार्डियोवैस्कुलर रोग (सीवीडी) पूरे विश्व में मौतों का मुख्य कारण हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हैल्थ द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2021 में भारत में कार्डियोवैस्कुलर रोगों के कारण 20.5 मिलियन मौतें हुई, जो दुनिया में होने वाली मौतों के एक तिहाई के बराबर हैं। मेडिकल टेक्नोलॉजी में हुई प्रगति ने हृदय रोगों के इलाज में क्रांति ला दी है और पूरी दुनिया के मरीजों को एक नई उम्मीद प्रदान की है। इसी तरह की एक अत्याधुनिक प्रगति रोबोटिक सर्जरी है, जो अतुलनीय सटीकता एवं नियंत्रण प्रदान करती है, और पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी से जुड़े जोखिमों को कम करती है। डॉ. युगल किशोर मिश्र, चीफ ऑफ क्लिनिकल सर्विसेज़, चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियेक साईंसेज़, और चीफ कार्डियो वैस्कुलर सर्जन, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका ने बताया कि रोबोटिक हार्ट सर्जरी एक आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जिसकी मदद से सर्जन जटिल ऑपरेशन बहुत सटीकता से कर पाते हैं, और सर्जरी की एफिशियंसी बढ़कर जटिलताएं भी कम होती हैं। इस इनोवेशन ने कार्डियेक ऑपरेशन को मरीजों के लिए ज्यादा आसान और कम चुनौतीपूर्ण बना दिया है, और वो ज्यादा तेजी से अपनी सामान्य गतिविधियाँ फिर से शुरू कर सकते हैं। रोबोटिक हार्ट सर्जरी में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे मरीजों को कम दर्द होता है, और स्वास्थ्य लाभ ज्यादा तेजी से मिलता है।

## देश भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा : जयन्त चौधरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री जयन्त चौधरी ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने मंत्री का स्वागत किया और अपनी शुभकामनाएँ दीं। यह कौशल विकास और उद्यमिता के परिदृश्य को आगे बढ़ाने में एक नए अध्याय की शुरुआत है। कौशल भवन, नई दिल्ली में आयोजित यह अवसर भारत सरकार के 100 दिवसीय एजेंडे में उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक ठोस प्रयास का प्रतीक है। इस अवसर पर बोलते हुए कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने कहा कि, भारत में एक विशाल और युवा आबादी है जिसे अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए स्किलिंग, रीस्किलिंग और अपस्किलिंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विज़न से पूरी तरह मेल खाता है, जहां प्रत्येक नागरिक को हमारे देश की समृद्धि में योगदान करने और आगे बढ़ने का अवसर मिले। जीवन के सभी क्षेत्रों में नए और उद्योग-



सम्बन्धित कौशल की निरंतर आवश्यकता है, और मुझे विश्वास है कि मंत्रालय के सतत प्रयास कौशल और रोजगार परिदृश्य पर ठोस प्रभाव डालेंगे।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय स्किल गैप को पाटने वाली रणनीतिक पहलों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) जैसी प्रमुख योजनाएँ शामिल हैं, जिनका निरंतर ध्यान रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर है। ये कार्यक्रम रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए गए हैं, ताकि व्यक्तियों को तेजी से विकसित हो रहे जॉब मार्केट में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से सुसज्जित किया जा सके।

देश भर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अत्याधुनिक सुविधाओं और उद्योग-संबंधित पाठ्यक्रम से सुसज्जित हों। इस प्रयास का उद्देश्य एक कुशल कार्यबल तैयार करना है जो आधुनिक उद्योगों की मांगों को पूरा कर सके। इसके अलावा, मंत्रालय कौशल विकास कार्यक्रमों को वैश्विक मानकों के साथ जोड़कर अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता को प्राथमिकता देना जारी रखेगा। इससे भारतीय प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। इसमें स्किल्ड वर्कर के लिए विदेश में करियर बनाने के लिए मार्ग बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योगों के साथ साझेदारी शामिल है। सिद्ध (स्किल इंडिया डिजिटल हब) जैसे प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से डिजिटल तकनीकों को अपनाकर, बुनियादी ढाँचे को बढ़ाकर और समावेशी कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर, मंत्रालय का उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना और उच्च प्रभाव वाली पहलों को तेज़ी से लागू करना है। ये प्रयास कौशल विकास और उद्यमिता क्षेत्रों में तत्काल और ठोस प्रगति के लिए हमारे समर्पण को प्रदर्शित करते हैं, जो अंततः एक अधिक कुशल और सशक्त भारत में योगदान करते हैं।

# हरकी डायव्हर्सिटी रिपोर्ट ने लिंग विविधता पर ध्यान आकर्षित किया

**मुंबई, एजेंसी।** महिलाओं के लिए भारत के सबसे बड़े करियर समुदाय हरकी ने डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट, 2023-24 का छठे संस्करण लांच करने की आज घोषणा की। यह रिपोर्ट कॉरपोरेट इंडिया में महिलाओं की भागीदारी और विविधता पर उद्योग की एक मानक रिपोर्ट है। यह रिपोर्ट जनवरी, 2023 और जनवरी, 2024 के बीच पूरे भारत में 300 से अधिक कंपनियों से एकत्रित डाटा का एक समग्र संकलन उपलब्ध कराती है।

इस डायव्हर्सिटी सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया कि जिन कंपनियों का सर्वेक्षण किया गया उनमें कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी 34 प्रतिशत है। यह आंकड़ा स्टार्टअप्स और एसएमई में मामूली सुधार के साथ 36 प्रतिशत है जिससे वहां समावेशी भर्ती व्यवस्था का महत्व रेखांकित होता है। वहीं बड़े उपक्रम प्रवेश स्तर पर 38 प्रतिशत भागीदारी के साथ आगे हैं। हालांकि, मध्यम स्तर और वरिष्ठ स्तर पर प्रबंधन में यह आंकड़ा गिरकर 19 प्रतिशत पर आ जाता है जिससे कॉरपोरेट सीढ़ी में एक टूटे हुए पायदान का संकेत मिलता है जिस पर तत्काल ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सी-सुइट में नियुक्त महिलाओं की भागीदारी घटकर 24 प्रतिशत पर आ गई है जो 2022 में 37 प्रतिशत थी। यह गिरावट कॉरपोरेट नेतृत्व करने वाली शीर्ष टोली की ओर महिलाओं की प्रगति में सहयोग के लिए अधिक हस्तक्षेप की जरूरत की ओर ध्यान दिलाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि सर्वेक्षण में 84 प्रतिशत कंपनियां महिलाओं की भर्ती के लिए समर्पित पहल करते हुए पाई गईं और 98 प्रतिशत बड़े उपक्रमों ने नियुक्ति में लिंग विविधता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है जिसमें से 88 प्रतिशत इन उद्देश्यों को हासिल करने के करीब हैं। स्टार्टअप्स और एसएमई भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं जहां सफलता की दर 97 प्रतिशत है। पितृत्व अवकाश की पेशकश करने वाली कंपनियां सतत रूप से 2020 के 86 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 91 प्रतिशत पहुंचने का बावजूद वर्ष 2023 में चिंताजनक गिरावट दर्ज की गई। जहां 2022 में महज छह प्रतिशत कंपनियां पितृत्व अवकाश देने में विफल रहीं, वहीं 2023 में 12 प्रतिशत कंपनियां यह अवकाश देने में विफल रहीं। यह रुख पेशेवर और निजी जिंदगी में संतुलन बनाने के लिए आवश्यक पिता की भूमिका पर निरंतर ध्यान में कमी रेखांकित करता है। यह रिपोर्ट संकेत देती है कि 82 प्रतिशत बड़े उपक्रम और 67 प्रतिशत एसएमई/ स्टार्टअप्स अब महिलाओं की काम में वापसी के अभियान चलाते हैं। सर्वेक्षण के आंकड़े दर्शाते हैं कि इन कार्यक्रमों की सफलता की दर बहुत अधिक है और बड़े उपक्रमों में 93 प्रतिशत महिलाएं और स्टार्टअप्स एवं एसएमई में 83 प्रतिशत महिलाएं जो इन कार्यक्रमों में शामिल हुई हैं उन्हें कंपनी में पूर्णकालिक भूमिका के लिए नियुक्त किया जाता है।

# अरे फर्जी किंग है, उसका रिकॉर्ड तो मुझसे भी घटिया है...

**पाकिस्तानी खिलाड़ी ने बाबर आजम को धो डाला**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अहमेद शेहजाद इन दिनों टीम के कप्तान बाबर आजम की जमकर आलोचना की है। पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2024 से लगभग बाहर होने वाला है और इसी दौरान शेहजाद ने एक पाकिस्तानी टॉक शो हारना मना है में बाबर पर फिर से हमला बोला। इस बार शो में शेहजाद और बाबर के टी20 वर्ल्ड कप के आंकड़ों की तुलना दिखाई गई, जिसमें शेहजाद का प्रदर्शन बेहतर रहा। शेहजाद ने बाबर को नकली किंग कहा और ये भी आरोप लगाया कि बाबर अपने दोस्तों को टीम में जगह दिलाने के लिए युवा खिलाड़ियों को टिकने नहीं देते।

### अहमद शहजाद ने बाबर को जमकर लताड़ा

पाकिस्तान टीम के मौजूदा कप्तान बाबर आजम ने अब तक 22 टी20 वर्ल्ड कप मैचों में 517 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 112 का रहा है। वहीं, शेहजाद ने सिर्फ 9 मैचों में 126 के स्ट्राइक रेट से 250 रन बनाए हैं, यहां तक कि उन्होंने एक शतक भी लगाया है। शेहजाद गुस्से से बोले, मुझे लगता है मैं इन आंकड़ों से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता था. लेकिन तुम्हारे (बाबर के) आंकड़े तो मुझसे भी खराब हैं। शेहजाद ने ये भी कहा, तुमने टी20 वर्ल्ड कप में पावरप्ले में 205 गेंदों का सामना किया है, लेकिन तुम एक भी छक्का नहीं लगा पाए। उन्होंने आगे आलोचना करते हुए कहा, तुमने घरेलू क्रिकेट की पूरी व्यवस्था खराब कर दी। तुमने टीम में अपने दोस्तों को बिठाने के लिए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की जगह छीन ली।

### बार-बार ऐसे ही जलील होता है पाकिस्तान, हार के बाद बनाता है घटिया बहाना

खासकर, शेहजाद ने 22 साल के बल्लेबाज सईम आयुब के करियर को बर्बाद करने के लिए बाबर को जिम्मेदार ठहराया। शेहजाद ने कहा, सईम आयुब को आगे बढ़ाना तुम्हारी जिम्मेदारी थी, लेकिन अब इतनी कम उम्र में ही उसका करियर खत्म हो गया है। सिर्फ 25 मैच खेलने के बाद लोग सईम की आलोचना कर रहे हैं बता दें कि पाकिस्तान को अगला मैच आयरलैंड के खिलाफ जीतना जरूरी है। वहीं अगर अमेरिका अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच आयरलैंड के खिलाफ जीत गई तो पाकिस्तान का खेल खत्म हो जाएगा।

टी20 विश्व कप: 2024

# कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें




**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी।** भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है।

**संभावित प्लेइंग 11**

**भारत:** विराट कोहली, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

**कनाडा:** आरोन जॉनसन, नवनीत धालीवाल, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, निकोलस किरटन, साद बिन जफर, श्रेयस मोव्वा, डिलन हेइलिगर, कलीम सना, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी

# कौन सहवाग?, मुल्तान के सुल्तान ने शाकिब की आलोचना की तो बांग्लादेश के ऑलराउंडर ने इस तरह दिया जवाब

**किंग्सटाउन, एजेंसी।** सहवाग ने दावा किया था कि शाकिब को बहुत पहले ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने तो यहां तक कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनके आंकड़े हाल में शर्मनाक रहे हैं। इस पर शाकिब का जवाब सामने आया है। टी20 विश्व कप में अपनी फॉर्म को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ मैच विजयी पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। अनुभवी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 13वां अर्धशतक लगाया और बांग्लादेश को टी20 विश्व कप सुपर 8 क्वालिफिकेशन के करीब पहुंचने में मदद की। शाकिब 46 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 64 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बांग्लादेश की टीम में शाकिब के स्थान पर सवाल उठाए थे।




### सहवाग और शाकिब आमने-सामने

सहवाग ने दावा किया था कि शाकिब को बहुत पहले ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने तो यहां तक कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनके आंकड़े हाल में शर्मनाक रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले विश्व कप के दौरान मुझे लगा था कि शाकिब को टी20 प्रारूप के लिए नहीं चुना जाना चाहिए। रिटायरमेंट का समय बहुत पहले आ गया था। आप इतने सीनियर खिलाड़ी हैं, आप इस टीम के कप्तान थे। आपको वास्तव में अपने हाल के नंबरों पर शर्म आनी चाहिए। आपको आगे आना चाहिए और खुद कहना चाहिए कि अब बहुत हो गया, मैं इस प्रारूप से संन्यास ले रहा हूं। हालांकि, शाकिब ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच के बाद सहवाग पर एक शब्द की प्रतिक्रिया के साथ पलटवार किया। सहवाग की टिप्पणी पर उनके विचार साझा करने के लिए कहे जाने पर, 37 वर्षीय ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज को कौन कहकर संबोधित किया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। शाकिब को नीदरलैंड के खिलाफ मैच के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

# फुटबॉल फैंस के लिए बुरी खबर, लियोनल मेसी लेंगे संन्यास? खुद किया बड़ा एलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल फैंस के लिए बुरी खबर है. अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनल मेसी ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा नहीं होंगे. दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि लियोनल मेसी की उम्र और व्यस्त शेड्यूल की वजह से पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल है. इसके अलावा पिछले कोपा अमेरिका गेम्स में अर्जेंटीना ने टाइटल जीता था. इस बार कोपा में अर्जेंटीना डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरेगी, लेकिन लियोनल मेसी का ना होना अर्जेंटीना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. कोपा अमेरिका टूर्नामेंट का आयोजन 20 जून से 14 जुलाई के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका में होना है.



**मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं...-** लियोनल मेसी ने कहा कि मैंने अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच माशचेरानो से बात की, इसके बाद हम दोनों ने हालात को समझा. अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है क्योंकि हम कोपा अमेरिका में हैं, यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा।

चेस

# 18 साल की दिव्या विश्व जूनियर चेस चैंपियन बनीं, पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं, 10 अंक हासिल किए



**गांधीनगर, एजेंसी।** अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए। उनकी ईएलओ रेटिंग महज 1943 की है।

18 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंड मास्टर दिव्या देशमुख ने अंडर-20 विश्व जूनियर चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया है। नागपुर की दिव्या ने 11 दौर में 10 अंक हासिल किए। वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। उन्होंने 11 मैच में नौ जीत हासिल की और उनके दो मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 11वें दौर में बुल्गारिया की बेलोस्लावा क्रास्तेवा को सफेद मोहरों से खेलते हुए पराजित किया। 2456 की ईएलओ रेटिंग रखने वाली दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं और यह लगातार उनकी दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले उन्होंने बीते माह शारजाह चैलेंजर्स का खिताब जीता था। आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन 9.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अजरबैजान की अयान अल्लाहवारदिएवा 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 10वें दौर में दिव्या ने अपनी ही साथी साची जैन को सिर्फ 26 चालों में हराकर अपने खिताब की उम्मीदों को मजबूत कर लिया था। अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए।

# टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचा अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड हुआ बाहर



**टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** टी20 विश्व कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने क्वालीफाई कर लिया है।अफगानिस्तान ने शुक्रवार को ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक भी लगाई। अफगानिस्तान की यह जीत न्यूज़ीलैंड के लिए बड़ा झटका है। सुपर-8 में पहुंचने का कीवी टीम का इरादा पूरा नहीं हो पाया। न्यूजीलैंड ग्रुप-सी में दो मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीत लिए। वहीं, न्यूजीलैंड को लगातार हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई है। इस मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। जवाब में गुलबदीन की 49 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, 96 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान का विकेट खो दिया और पावरप्ले 39/2 पर समाप्त हुआ।

### इंग्लैंड का दमदार कमबैक, ओमान को हराकर नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल की

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की है। गुरुवार रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने ओमान पर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टीम सुपर-8 की दौर में बनी हुई है। इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में चौथा सबसे कम टीम स्कोर रहा।

इस जीत की मदद से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल कर ली। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान की बैटिंग लाइन अप को तहस-नहस कर दिया। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए। स्पिनर आदिल राशिद ने अपने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड ने 12 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।



# नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी।** शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया। बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# टीम इंडिया नहीं जाएगी पाकिस्तान!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है. लेकिन क्या भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी? दरअसल, बीसीसीआई कई बार दोहरा चुकी है कि आईसीसी चैंपियंस के लिए सुरक्षा संबंधी कारणों से टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी. अगर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत पाकिस्तान नहीं जाएगा तो क्या विकल्प हैं? इस पर बीसीसीआई का कहना है कि यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाए, ताकि भारतीय टीम को पाकिस्तान जाने की जरूरत नहीं पड़े.




युवा मिडफील्डर मनीषा ने कहा

# भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था।



अपने करियर के इस सबसे स्पेशल मोमेंट को याद कर मनीषा ने कहा, ये हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो अपने देश के लिए खेले। जब से मैंने हॉकी थामी तब से मैंने देश के लिए खेलने का सपना देखना शुरू कर दिया। जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरी, तो यह मेरे लिए बेहद खास क्षण था। कोचिंग और सहयोगी स्टाफ ने मुझ पर भरोसा जताया और अब यह मेरा फर्ज कि मैं उन्हें सही साबित करूं। मनीषा ने कहा, हरेंद्र सर ने मुझे खुद पर भरोसा करने और अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए कहा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि मुझे किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है और मैं अपने गेम को कैसे बेहतर बना सकती हूं। टीम के हर सदस्य ने मेरा समर्थन किया, मेरी मदद की और मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मनीषा की हॉकी में रुचि तब शुरू हुई जब वह 5वीं कक्षा में थी। अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से ही हॉकी में रुचि थी।

# कनाडा के खिलाफ मैच के बाद भारत लौट सकते हैं शुभमन, आवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के रिजर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और आवेश खान कनाडा के खिलाफ मैच के बाद मौजूदा टी20 विश्व कप से टीम का साथ छोड़ भारत लौट आएंगे। टीम इंडिया में बैकअप के तौर पर दोनों खिलाड़ी टीम के बाकी सदस्यों के साथ फ्लोरिडा गए। गिल और आवेश उन चार सदस्यीय रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे। वहीं, दो और अन्य रिजर्व खिलाड़ी खलील अहमद और रिंकू सिंह टीम के साथ बने रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, गिल और आवेश दोनों खिलाड़ियों का साथ टीम इंडिया के साथ केवल यूएस लेग तक ही था।



रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ग्रुप चरण में लगातार तीन मैच जीतकर टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में पहुंच गई। यूएस लेग के अपने आखिरी मैच में भारत शनिवार को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा से भिड़ेगा। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए को हराकर अब तक टूर्नामेंट में ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया है। फ्लोरिडा में खराब मौसम की स्थिति भारत की जीत की लय में खलल डाल सकती है।

# घुड़सवार श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अनुभवी घड़सवार श्रुति वोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय राइडर (घुड़सवार) बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोलकाता की रहने वाली श्रुति ने ड्रेसेज विश्व चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

टिप्स

# ड्राई स्किन के लिए सही मेकअप जरूरी

अच्छे मेकअप आर्टिस्ट सलाह देते हैं कि मेकअप करते वक्त हमेशा अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखना चाहिए। अगर आप इस बात का ध्यान नहीं रखेंगी तो मेकअप में दिक्कत आएगी ही। दरअसल, हर स्किन टाइप पर मेकअप करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना पड़ता है। अगर आपकी स्किन भी ड्राई है तो खास तरीकों को फॉलो करके आप अपने मेकअप को परफेक्ट बना सकती हैं।



## मॉइश्चराइजर

अगर आपकी स्किन ड्राई है तो हमेशा मेकअप इस तरह से करें कि आपकी स्किन हाइड्रेटेड और ग्लोइंग नजर आए। इसके लिए सबसे पहले चेहरा धोने के बाद स्किन पर मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं। ये आपकी स्किन में नमी को ब्लॉक करेगा। मॉइश्चराइजर लगाने के तुंरत बाद ही मेकअप ना करने लगें। इसे लगाने के तकरीबन 4 से 5 मिनट बाद तक स्किन को ऐसे ही छोड़ दें। ताकि स्किन में मॉइश्चराइजर ऑब्जर्ब हो जाए। इसके बाद आपको मेकअप कपते वक्त आसानी आएगी।

## सीरम

ड्राई स्किन पर मेकअप करने से पहले अगर आप हल्का सा सीरम स्किन पर अप्लाई करेंगी तो स्किन ग्लो करेगी।

## ऑयल बेस्ड फाउंडेशन

फाउंडेशन खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आपकी स्किन के लिए क्रीमी या फिर ऑयल बेस्ड फाउंडेशन ही परफेक्ट रहेगा। इससे आपके चेहरे पर ग्लो बरकरार रहेगा।

## आईशैडो

आईशैडो इस्तेमाल करते हुए भी इस बात का ध्यान रखें कि अगर क्रीम बेस्ड ही हो। ड्राई स्किन पर पाउडर बेस्ड आईशैडो अजीब लगने लगता है।

## लिपस्टिक

अगर आपके लिप्स भी ड्राई हैं तो ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करें। लिपस्टिक खरीदते वक्त ध्यान रखें कि ये मैट ना हो। ताकि आपके होंठ मुलायम रहें।

फैशन

# परफेक्ट साड़ी लुक पाएं ऐसे

**शादी-विवाह के दौरान हर महिला साड़ी या लंहगा खरीदने का प्लान बनाती हैं। यदि आप भी साड़ी का ऑप्शन चुनना चाह रही हैं तो दुल्हन के लिए पॉपुलर साड़ियों का चयन कीजिए, जिसे पहनकर आप अपनी शादी में सबसे अलग और खूबसूरत लगेंगी।**

## कलर

इस बात में कोई शक नहीं होता कि शादी वाले दिन दुल्हन पर सबसे अधिक लाल रंग अच्छा लगता है। लेकिन फैशन के इस दौरान पेस्टल कलर भी काफी ट्रेंड में चल रहा है। वहीं कई बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी अपनी शादी में पेस्टल रंग का लहंगा और साड़ी पहनी थी। ऐसे में अगर आप भी अपनी शादी में साड़ी पहन रही हैं, तो आप इस कलर की साड़ी सेलेक्ट कर सकती हैं।

## बॉडी टाइप

हर दुल्हन को अपनी शादी में पहनने के लिए ऐसी साड़ी लेनी चाहिए जो उनकी बॉडी टाइप को कॉम्प्लिमेंट कर सके। क्योंकि कई बार हम खुद को पर्सनल टच देने में हम इतना व्यस्त हो जाते हैं कि हमारा स्टाइल ही क्रूशियल बन जाता है।

## जरूर बनाएं बजट

किसी भी स्टोर या डिजाइनर स्टोर से शादी की शॉपिंग करने से पहले बजट जरूर बना लें। कई बार शादी की एक्साइटमेंट में हम अपने बजट से ज्यादा पैसे खर्च कर देते हैं। कहीं अलग और स्टाइलिश दिखने के चक्कर में आपका सारा बजट गी गड़बड़ न हो जाए।

## ब्लाउज की नेकलाइन

बता दें कि ब्लाउज की नेकलाइन आपके जूलरी को इंफ्लूएंश करने का काम करती है। अगर आप अपनी शादी में हाइनेक वाले ब्लाउज पहनने जा रही हैं तो कान में स्टेचमेंट इयररिंग्स आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे। इस दौरान आपको नेकपीस पहनना स्किप कर देना चाहिए।

## मेकअप

शादी की साड़ी चुनने के साथ ही आपको अपने मेकअप का भी खास ख्याल रखना चाहिए। बता दें कि डार्क कलर के आउटफिट के साथ चटख मेकअप आपके पूरे लुक को बेकार कर सकता है। बता दें कि आप फ्लॉलेस लुक के साथ अपने आप को क्लासी लुक दे सकती हैं।







# पसीने की बदबू से ऐसे पाएं निजात

गर्मी में अंडरआर्म्स के पसीने की वजह से लोग बेहद परेशान हो जाते हैं। अगर आप भी अंडरऑर्म्स के पसीने से परेशान रहते हैं, अंडरऑर्म्स की बदबू आपको भी शर्मिंदा करती है तो इन घरेलू उपायों की मदद से इस समस्या से राहत पा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## गुलाब जल

अंडरआर्म्स के पसीने के अगर आप परेशान हैं तो अपने अंडरआर्म्स पर गुलाब जल छिड़कना शुरू कीजिए। अगर चाहें तो नहाने के पानी में भी गुलाब जल मिला सकते हैं। इससे शरीर में आने वाली बदबू से राहत मिलेगी।

## बेकिंग सोडा और नींबू

इस मिश्रण को अपने अंडरआर्म्स पर लगाने से आप इस बदबू से राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको इस मिश्रण को 15 मिनट के लिए अपने अंडरआर्म्स पर लगाना है और फिर सादे पानी से धो देना है।

## आलू

आलू आपके पसीने की बदबू को कंट्रोल करने में काफी मददगार है। दरअसल, इसमें पाए जाने वाला लो-एसिडिक कम्पाउंड पसीने को रोकने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस आलू को प्रभावित क्षेत्र पर रगड़ना होता है।

## सेब का सिरका

सेब का सिरका इस्तेमाल करना बेहद आसान है। इसके लिए आपको बस पानी में सिरका और नींबू का रस मिलाकर एक स्प्रे वाली बोतल में रखना है। अब इसे अंडरआर्म्स पर स्प्रे करें। आप नहाने के बाद इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

टिप्स

# गर्मियों के लिए बेस्ट लिपस्टिक

गर्मियों में फेस पर लंबे समय तक मेकअप टिक नहीं पाता है। मेकअप में लिपस्टिक सबसे जरूरी प्रोडक्ट होता है। इसके बिना पूरा लुक अधूरा लगता है। अगर बात करें लिपस्टिक के परफेक्ट शेड की तो गर्मी के मौसम में इसके चयन में काफी ध्यान देने की जरूरत होती है। यहां हम गर्मी के लिहाज से लिपस्टिक के बेस्ट शेड्स के बारे में चर्चा कर रहे हैं।



## पीच रंग

पीच रंग हर लड़की को काफी ज्यादा पसंद होता है। वहीं गर्मी के मौसम में इस रंग की लिप्सटिक लगाने से आपको परफेक्ट लुक मिलेगा और पूरा दिन आपका चेहरा खिला-खिला रहेगा। डार्क रंग के आउटफिट के साथ आप पीच रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं।

## न्यूड रंग

बता दें कि आजकल न्यूड कलर काफी ट्रेंड में चल रहा है। वहीं अगर आप मैटेलिक आउटफिट पहन रही हैं तो न्यूड रंग की लिपस्टिक आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगी। न्यूड रंग देखने में क्लासी और एलीगेंट लगता है।

## ब्राउन रंग

हर स्किन की लड़कियां इस रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। एक समय पर ब्राउन रंग की लिपस्टिक हर कोई लगाना पसंद नहीं करता था। लेकिन आज के समय में हर कोई ब्राउन रंग की लिपस्टिक लगाना पसंद करता है।

## प्लम रंग

अगर आपको भी ऑफिस लुक के लिए कोई लिपस्टिक लगानी है तो प्लम रंग आप पर काफी जचेगा। इस रंग की लिपस्टिक को आप इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ लगा सकता है।

# इयररिंग्स बनाए आपके लुक को बेहतर

लड़कियां मेकअप के अलावा आउटफिट के हिसाब से एक्सेसरीज पहनने की भी शौकीन होती हैं। अगर बात सिर्फ इयररिंग्स की हो तो फेस के शेप के हिसाब से इयररिंग्स कैरी करना चाहिए। वहीं अगर आप गलत इयररिंग्स का चुनाव करती हैं, तो आपका अच्छा-खासा लुक भी बिगड़ सकता है। एथनिक वियर के साथ कई अलग तरह की इयररिंग्स पहनी जाती हैं। अगर आप अपने चेहरे के हिसाब से इयररिंग्स नहीं पहनती हैं, तो यह देखने में भी खराब या अजीब लग सकता है। इसलिए आपको अपने चेहरे के हिसाब से इयररिंग्स कैरी करना चाहिए। इस इयररिंग्स से आपके लुक में चार चांद लगते हैं।



**डायमंड आकार का फेस**

अगर आपका फेस डायमंड शेप के आकार का है, तो आप पर लंबे लटकने वाले इयररिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि क्योंकि चीकबोन की तुलना में इन लोगों का माथा कम चौड़ा होता है। इसलिए डायमंड आकार के फेस पर लंबे इयररिंग ही बेस्ट दिखेंगे।

**हार्ट शेप फेस के लिए**

हार्ट शेप आकार के फेस पर चौड़े बॉटम और टॉप पर संकरे, शैलेंडियर या लॉन्ग टीयरड्रॉप ईयररिंग्स काफी फबेंगे। क्योंकि इन लोगों की जॉ-लाइन बहुत अच्छी होती है।

**लंबे फेस के लिए**

अगर आपका फेस लंबा है, ऐसे में आप इसको भरा लुक देना चाहती हैं तो इस दौरान आप लंबे हूप्स, स्टड, क्लस्टर्ड ईयररिंग्स और स्टोन लगे हुए छोटे डैंगल ईयररिंग कैरी कर सकती हैं।

**गोल फेस वालों के लिए**

गोल फेस वाली लड़कियों पर लंबे लंबे इयररिंग्स अच्छे लगेंगे। यह आपके लुक को परफेक्ट बनाने का काम करेंगे।

**अंडाकार फेस के लिए**

अंडाकार फेस वाली लड़कियों पर स्डट, ईयरड्रॉप और हल्के ट्राईएंगुलर शेप के इयरिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि अंडाकार फेस वालों का माथा और जॉ-लाइन लगभग एक समान होता है।

# घर की सुंदरता में चार चांद लगाएगी कलरफुल दीवार

**घर की बनावट भले ही कितना भी यूनिक हो लेकिन यह खूबसूरत तब तक नहीं नजर आता है, जब तक इसमें रंग न भरे जाए। कलर की मदद से हर एक दीवार घर की सुंदरता में चार चांद लगा सकती है। लेकिन ज्यादातर लोग कलर की इस अहमियत को बहुत हल्के में लेते हैं। जिसका नजीता यह होता है, कि लाखों-करोड़ों में तैयार घर भी अच्छा नजर नहीं आता है।**

वैसे तो हर रंग की अपनी एक खूबसूरती है, लेकिन घर की किस दीवार पर कौन-सा रंग ज्यादा अच्छा लगेगा यह चुनना बहुत कठिन काम होता है। कई लोग तो रंग चुनने की मेहनत से बचने के लिए सबसे ज्यादा पॉपुलर होम कलर डिजाइन ट्रेंड और कॉम्बिनेशन को ही बिना सोचे समझे कॉपी कर लेते हैं, जिसका रिजल्ट कई बार बहुत निराशाजनक भी होता है। ऐसे में यहां हम आज आपको घर के लिए सही कलर पैलेट चुनने का सबसे आसान तरीका बता रहे हैं। इसकी मदद से आप कम लग्जरी सामानों से भी अपने घर को लेविश लुक दे सकते हैं।



**फर्नीचर से मैच करते रंग का चुनाव करें**

रूम को पेंट करने के लिए कलर चुनना हो तो सबसे आसान तरीका है, अपने घर के फर्नीचर के रंगों को ध्यान से देखें। इसमें आपके सोफा से लेकर कुशन और टेबल लैंप तक सब आते हैं। अब यदि इनका कलर डार्क है, तो दीवारों के लिए लाइट कलर चुनें, और यदि यह लाइट कलर में है, तो दीवारों को डार्क रंग से पेंट करें। ऐसा करने से फर्नीचर निखरकर नजर आते हैं, जो इंटीरियर की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए जरूरी है।

**जैसा कमरा वैसा रंग**

रूम का साइज और इसकी दीवारों का कलर एक-दूसरे को बहुत इफेक्ट करता है। इसलिए जरूरी होता है, घर को पेंट करने से पहले इसके साइज को अच्छी तरह से चेक कर लेना चाहिए।

यदि रूम छोटा है, तो इसमें डार्क कलर का पेंट करना बहुत बेकार आइडिया होता है, क्योंकि इससे रूम और भी छोटा नजर आने लगता है। ऐसे में छोटे साइज के रूम के लिए लाइट शेड का इस्तेमाल करें।

**कलर रूल को नहीं करें नजरअंदाज**

घर की दीवारों के लिए जब कलर चुनना हो तो 60 30 10 के कलर रूल को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह एक क्लासिक डेकोर रूल है, जो आपके स्पेस के लिए कलर पैलेट को क्रिएट करने में मदद करता है। यह नियम दर्शाता है, कि रूम का 60 प्रतिशत डोमिनेंट या डार्क कलर में होना चाहिए, 30 प्रतिशत में सेकेंडरी कलर या टेस्चर होना चाहिए और 10 प्रतिशत में डोमिनेंट कलर का कंट्रास्ट या कॉम्प्लिमेंट कलर होना चाहिए।

**ऐप करेगा मदद**

यदि आपको समझ नहीं आ रहा कि घर की दीवारों के लिए कौन-सा रंग ज्यादा अच्छा रहेगा तो, आप ऐप की भी मदद ले सकते हैं। आपके प्ले स्टोर में ऐसे कई सारे होम डेकोर ऐप मौजूद हैं, जो आपके लिए पेंट कलर को चुनने के काम को आसान बनाते हैं। इसकी मदद से आप कुछ मिनटों में ही पता लगा सकते हैं, कि आपने जो रंग सिलेक्ट किया है उसका रिजल्ट कैसा नजर आएगा।

# रिवॉल्वर में नजर आएंगी तेजस्वी



पंजाबी सुपरस्टार सिंगर और एक्टर गिप्पी ग्रेवाल जल्द ही एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश के साथ नए म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। दरअसल, गिप्पी ने गुरुवार को तेजस्वी प्रकाश के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि उनका नया म्यूजिक वीडियो रिवॉल्वर जल्द ही रिलीज होने वाला है। गिप्पी ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में वह शर्ट, ब्लेजर और पैंट के साथ येलो कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लैक शूज पहने हैं। वहीं बिग बॉस 15की विनर तेजस्वी प्रकाश ने ऑरेंज कलर की स्लीवलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई हैं। वहीं बैकग्राउंड में बड़े अक्षरों नें जी जी लिखा हुआ है।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए गिप्पी ने कैप्शन में लिखा, रिवॉल्वर वीडियो जल्द ही आ रहा है... तेजस्वी को पिछ्ली बार नागिन 6 में बतौर लीड एक्ट्रेस देखा गया था। वह जस्सी गिल के दूर होवा गे, यासर देसाई के रुला देती है और कुलविंदर बिल्ला के कलाकार जैसे सॉन्ग वीडियो में भी दिखाई दी। वहीं गिप्पी ने कैरी ऑन जट्टा 3, हनीमून, मौजा ही मौजा, लखनऊ सेंट्रल और मंजे बिस्तरे जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में उनकी शिंदा शिंदा नो पापा रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस हिना खान नजर आईं, वहीं उनके बेटे के रोल में शिंदा ग्रेवाल दिखे। फिल्म का निर्देशन अमरप्रीत छाबड़ा ने किया। इस फिल्म की बात करें तो कहानी बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है। कनाडा में रह रहे गिप्पी अपने शरारती बेटे शिंदा को डिसिप्लिन सिखाने के लिए भारत ले जाने का प्लान बना रहे हैं।

# जरीन खान का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



एक्ट्रेस जरीन खान ने 2010 में फिल्म वीर से बॉलीवुड में एंट्री की थी। इसके बाद उन्होंने रेडी, हाउसफुल 2, हेट स्टोरी 3, अक्सर 2 और चाणक्य जैसी फिल्मों में काम किया। इन 14 सालों में जरीन ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से हर किसी को हैरान किया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी फिटनेस जर्नी, शादी, सोशल मीडिया ट्रोलिंग, पैप्स कल्चर और फिल्मों को लेकर बात की है। जरीन खान ने कहा- मैं कोई मंत्रा फॉलो नहीं करती, बस फिट रहने की कोशिश करती हूं। फिटनेस को मैंने अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाया हुआ है। क्योंकि जब मैं टीनएजर थी, बहुत ओवरवेट थी। 100 किलो से ज्यादा मेरा वजन था, जब फिटनेस की जर्नी शुरू की, वो बहुत अच्छी फीलिंग देती है। बॉडी लाइट फील होना, बहुत सारे फायदे हैं। पिछ्ले साल मेरा वजन काफी बढ़ गया था। मैं काफी स्ट्रेस से गुजर रही थी। इसने मेरी हेल्थ पर असर डाला था। मेरा वजन काफी बढ़ गया था। फिर मैं लग गई उसके पीछे अभी मैं पिछ्ले साल से ज्यादा फिट हूं। मैं किसी कॉम्पिटिशन में नहीं हूं। किसी से खुद को कंपेयर नहीं करती, जब मैं 100 किलो की थी वजन कम करने की कोशिश कर रही थी तब मैंने बहुत सारे डाइट फॉलो किए थे। एक वक्त था जब मैं करीबन 5 दिनों तक लिक्विड पर थी। ताकि वजन फटाफट कम हो। फिर 1 हफ्ते की वो डाइट फॉलो की जिसमें हर दिन अलग खाना होता है। आखिर में आपका 3 किलो तक वजन घटता है। बहुत सारा पागलपन किया है लेकिन अब मैं खुश हूं। उम्र के साथ समझ और बढ़ती है और आप खुद से संतुष्ट होते हो। अब मैं कंटेंट जोन में हूं। अभी तो इंटरनेट पर काफी सारी जानकारी मौजूद है। जब मैं टीनएजर थी सोशल मीडिया या इंटरनेट नहीं था। अभी तो इंस्टा पर हर एक डाइटीशियन टिप्स दे रहे हैं। अभी लोग नॉलेज कई मीडियम से एक्सपलोर कर सकते हैं। उन्हें कोशिश करनी चाहिए वो सही सोर्स से जानकारी हासिल करें।

नेगेटिव कमेंट्स पर जरीन ने कहा- मुझे इससे फर्क ही नहीं पड़ता, जो ये ट्रोल्स हैं वो फेसलेस अकाउंट हैं। आपको ये भी नहीं पता वो रियलिटी में हैं भी या नहीं, मेरा मानना है अगर कोई तुम्हारे अकाउंट पर कमेंट छोड़कर जाए, जिंदगी इतनी बिजी चलती है, उसमें से भी टाइम निकालकर तुम्हारे अकाउंट पर आकर कमेंट कर रहा है। इसका मतलब आप सीक्रेटली मेरे प्यार में हो। मेरा अटेंशन पाने के लिए कमेंट कर रहे हो। ट्रोल्स से मुझे हमदर्दी है। मुझे लगता है ट्रोल्स अपनी रियलिटी में इरिटेट होते हैं, उन्हें लाइफ में कोई अटेंशन नहीं देता, इसलिए वो निगेटिव कमेंट्स लिख अपनी भड़ास निकालते हैं। इसलिए इनकी बातों को सीरियसली नहीं लेना चाहिए।

काम को लेकर एक्ट्रेस ने कहा- मेरी बहुत सारे लोगों के साथ काम करने की ख्वाहिश है। दुर्भाग्य से अभी तक मुझे मौका नहीं मिला है। मुझे उम्मीद है ये लोग मुझे काम करने का मौका देंगे। संजय लीला भंसाली मेरे फेवरेट डायरेक्टर हैं, जो कैनवस वो क्रिएट करते हैं, जैसा उन्होंने हीरामंडी में किया। कॉस्ट्यूम सेट सब कुछ खूबसूरत था। इम्तियाज अली के काम की मैं बड़ी फैन हूं। वो सोलफुल सिनेमा बनाते हैं। राजकुमार हिरानी हैं वो हटके फिल्में बनाते हैं। अनुराग कश्यप मैं उनकी भी बड़ी फैन हूं, वो जिस तरह का रियलिस्टिक सिनेमा बनाते हैं। रियलिस्टिक सिनेमा का कल्चर वो ही हिंदी सिनेमा में लेकर आए हैं।

शादी के बारे में जरीन ने कहा- मैं इस रेस में नहीं हूं, जिस तरह से सब एक्टर्स शादी कर रहे हैं। पता नहीं सच में कर रहे हैं या प्रेशर में कर रहे हैं। मैं कंपैनियनशिप में भरोसा रखती हूं। दो लोग साथ में रहें खुश रहें। आजकल का जो जमाना है तीन महीने साथ रहते हैं फिर लड़ाई होती है और रिश्ता टूट जाता है। मैं ऐसी चीजों में यकीन नहीं करती। मैं ताउम्र साथ रहने वाले प्यार पर भरोसा करती हूं। जैसे हमारे ग्रैंड पेरेंट्स के रिलेशन थे। मुझे नाना, दादा के टाइम जैसा रिलेशनशिप चाहिए, जब तो वो नहीं मिलेगा मैं शादी नहीं करूंगी। मुझे अभी तक वैसा कोई नहीं मिला है।

हर कोई कर रहा है तारीफ

# राजकुमार राव की स्त्री-2 का टीजर आउट




सबसे दमदार कलाकार राजकुमार राव स्त्री 2 में विक्की के रूप में वापस आ गए हैं, और उनके प्रशंसक उत्सुक हो रहे हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीज़र आउट हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि इसे मैडॉक फिल्म्स की नवीनतम रिलीज मुंज्या के साथ सीधे सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया गया था। पहले फ्रेम से, निर्माता यह स्पष्ट कर देते हैं कि सीक्वल अधिक मजेदार, डरावना है और इसमें साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर बनने के सभी तत्व मौजूद हैं। सिनेमाघरों में टीज़र देखने वाले प्रशंसक फिल्म का समर्थन करते दिखे, जो इस साल राजकुमार राव की तीसरी फिल्म है। और प्रशंसकों की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, फिल्म 2024 में राव के वर्ष के रूप में मजबूत होने के लिए तैयार है क्योंकि यह निश्चित रूप से बॉक्स ऑफिस पर कमाई करेगी। बैक-टू-बैक रिलीज़ के साथ राव के लिए यह साल अब तक बहुत अच्छा रहा है। उनकी फिल्म श्रीकांत में उन्हें दृष्टिबाधित उद्योगपति श्रीकांत बोला की भूमिका में देखा गया था, जिसे आलोचनात्मक प्रशंसा मिली थी, जबकि मिस्टर एंड मिसेज माही में वह क्रिकेटर से कोच बने व्यक्ति की भूमिका निभाते नजर आए थे। दो विविध भूमिकाएँ, जो निश्चित रूप से राव को इस पुरस्कार सीज़न में पसंदीदा बनाएंगी, ने अभिनेता की बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया है और साथ ही बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। दरअसल, स्त्री के बाद मिस्टर एंड मिसेज माही राव की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई। और अब ऐसा लग रहा है कि स्त्री 2 पिछ्ले रिकॉर्ड भी तोड़ देगी. लेकिन राव के लिए साल ख़त्म नहीं हुआ है! अभिनेता पहली बार विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में तृप्ति डिमरी के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। उनकी पाइपलाइन में कुछ अन्य दिलचस्प परियोजनाएँ भी हैं, जिनकी वह जल्द ही घोषणा करेंगे!

# सुधीर बाबू को पसंद नहीं अपना उपनाम नाइट्रो स्टार, हरोम हारा के क्रेडिट में भी नहीं दिखेगा



तेलुगु अभिनेता सुधीर बाबू की नई फिल्म हरोम हारा आज थिएटर में रिलीज हो चुकी है। सुधीर ने पिछ्ले दिनों जमकर फिल्म का प्रचार किया। अब देखना होगा कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल करेगी और लोग इसे कितना पसंद करेंगे। सुधीर बाबू को इंडस्ट्री में नाइट्रो स्टार के नाम से भी जाना जाता है, जिसे लेकर हाल ही में, उन्होंने अपनी राय साझा की है।

## सुधीर बाबू को अच्छा नहीं लगता अपना उपनाम

हम जानते हैं कि दक्षिण भारतीय कलाकारों को उनके उपनाम से जाना जाता है। उनकी फिल्म की घोषणा में नाम के साथ-साथ उनका उपनाम भी जरूर शामिल किया जाता है। उदाहरण के लिए, रजनीकांत को थलाइवर, पवन कल्याण को पावर स्टार और अल्लू अर्जुन को आइकन स्टार के नाम से जाना जाता है। सुधीर बाबू ने एक हालिया साक्षात्कार में बताया कि उन्हें खुद को नाइट्रो स्टार कहलाना पसंद नहीं है। उन्हें अपना उपनाम अच्छा नहीं लगता है।

**धीरे-धीरे पड़ी नाइट्रो स्टार की आदत**

सुधीर बाबू ने कहा कि शुरू में नाइट्रो स्टार नाम चौंकाने जैसा था, लेकिन वक्त के साथ-साथ इसकी आदत हो गई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वो खुद को इस नाम से कहलाना नहीं चाहते हैं। सुधीर ने एक जानकारी देते हुए बताया कि उनकी फिल्म हरोम हारा में नाइट्रो स्टार को शीर्षक में शामिल नहीं किया गया है।

## ये कलाकार आएंगे नजर

हरोम हारा में सुधीर बाबू के साथ-साथ मालविका नायर ने भी अहम भूमिका निभाई है। इन दोनों के अलावा सुनील, अक्षरा, जया प्रकाश, लक्की लक्ष्मण, रवि काले और अर्जुन गौड़ा ने भी फिल्म में काम किया है। फिल्म का निर्देशन ज्ञानसागर द्वारका ने किया है। इसका निर्माण श्री सुब्रह्मण्येश्वर सिनेमा द्वारा किया गया है। चैतन भारद्वाज ने फिल्म को अपनी धुनों से सजाया है।

# विश्व कप की मेजबानी के दौरान मंदिरा हुई थीं भेदभाव का शिकार



## वर्षों बाद अभिनेत्री का छलका दर्द

अभिनेत्री मंदिरा बेदी टीवी और फिल्म जगत का एक मशहूर नाम हैं। अभिनेत्री ने साल 2003 में क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी की। हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में मंदिरा ने अपने अनुभवों को साझा किया। मंदिरा ने अपने साथ हुए भेदभाव को लेकर जब बात की तो इसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने बताया कि पैनल में शामिल लोग उनके सवालों को अनदेखा कर देते थे। मंदिरा ने कहा वह एक हफ्ते तक रोती रहीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने खुद के अंदर एक बड़ा बदलाव किया। आइए जानते हैं मंदिरा ने क्या साझा किया? एक साक्षात्कार के दौरान क्रिकेट जगत में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, 'यह आसान नहीं था, उनके पैनल में कोई महिला नहीं थी, इसलिए पैनल में बैठे दिग्गज लोग पैनल में एक महिला को रखने के बारे में कुछ खास उत्साहित नहीं थे।

## शो के अंत में रोती थीं मंदिरा

मंदिरा ने याद करते हुए कहा, 'हर शो के अंत में मैं अपना सिर नीचे कर लेती थी और रोती थी और मेरे अगल-बगल बैठे लोग कहते थे, 'मैं अभी जाकर कॉफी पीता हूं। क्या आप कॉफी लेंगी?' और बस वो चले जाते थे। मैं दुखी थी और पहले एक हफ्ते तक किसी ने कुछ नहीं कहा। मैं हकला और लड़खड़ा रही थी, मैं घबरा रही थी और मुझे कहीं से कोई समर्थन नहीं मिला। वहीं, मेरे पास में एक सह होस्ट था और उसके सवालों को स्वीकार किया जा रहा था।' हालांकि, इसके बाद मंदिरा ने अपने अंदर कई बड़े बदलाव किए और खुद को साबित किया।

# केआरके ने की आपत्तिजनक टिप्पणी


फेमस क्रिटिक और एक्टर केआरके यानि कमाल आर खान अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। इस पर केआरके ने बसपा प्रमुख मायावती पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसके कारण उनके खिलाफ सहारनपुर में मामला दर्ज किया गया है। इंद्रपुर गांव में रहने वाले बसपा नेता सुशील कुमार ने एक्टर के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया है। सहारनपुर से बसपा कैंडिडेट और



केआरके के भाई माजिद अली को मायावती ने निष्कासित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि कमाल आर खान उर्फ केआरके के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार ने देवबंद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभिनेता जिले के फुलास अकबरपुर क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस के मुताबिक, केआरके ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बसपा प्रमुख मायावती पर टिप्पणी की थी। एक्टर के भाई माजिद अली ने कहा है कि उनका केआरके से पिछ्ले 15 वर्ष से कोई लेना देना नहीं है।

# आठ साल बाद दर्शकों को फिर से हंसाने आ रहे हैं सिकंदर खेर, बोले- कॉमेडी मेरा पैशन रहा है

अभिनेता सिकंदर खेर बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। फिल्म वुडस्टॉक से अपने करियर की शुरुआत करने वाले सिकंदर ने सफलता के साथ-साथ असफलताओं का भी लंबा दौर



देखा है। वे वेब सीरीज आर्या में नजर आए थे। इस सीरीज में दर्शकों को उनका किरदार काफी पसंद आया था। बैक टू बैक एक्शन ड्रामा प्रोजेक्ट्स के बाद, सिकंदर खेर 8 साल बाद अपनी अगली कॉमेडी फिल्म के साथ वापसी करने जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपने कॉमेडी टाइमिंग के लिए मशहूर सिकंदर खेर एक नए कॉमेडी ड्रामा में अपनी हास्य प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। पिछ्ले कुछ वर्षों में सिकंदर ने कई प्रोजेक्ट्स में गंभीर भूमिकाएं निभाई हैं। सिकंदर 8 साल के ब्रेक के बाद कॉमेडी में वापसी करने के लिए उत्साहित हैं। यह फिल्म एक नए निर्देशक द्वारा निर्देशित है और वर्तमान में जल्द ही प्रोडक्शन में जाने के लिए तैयार है।

# सरफिरा बन धमाल मचाएंगे अक्षय कुमार



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म खेल खेल में की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया है। वहीं, अब उन्होंने दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा हो चुका है। अक्षय कुमार ने अब सरफिरा की रिलीज डेट का खुलासा करते हुए फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया।

इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। अक्षय कुमार जल्द ही सरफिरा में नजर आएंगे, जो साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म सोरारई पोटरु की रीमेक है। आज फिल्म की रिलीज डेट और पहला पोस्टर शेयर किया गया। यह बायोपिक 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के पहले पोस्टर में अक्षय कुमार की पहली झलक देखने को मिली। पोस्टर में अक्षय कुमार आसमान की तरफ देखते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ ही देर में फैंस भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आए।

फिल्म की शूटिंग अभी जारी ही है। फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक ऐसे आदमी की कहानी,जिसने बड़े सपने देखने की हिम्मत की और मेरे लिए, यह एक कहानी है, एक किरदार है, एक फिल्म है, जीवन भर का एक मौका है। इसके साथ ही अक्षय ने पोस्ट के कैप्शन में फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। फिल्म का ट्रेलर 18 जून को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# मेरठ में बनेगा नमो भारत ट्रेन का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड स्टेशन

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ के बीच दौड़ने वाली नमो भारत रेल के ट्रैक का काम तेजी से चल रहा है। मेरठ के बड़े व्यापारिक केंद्र कहे जाने वाले बेगमपुल में मेरठ का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड आरआरटीएस स्टेशन बनाया जा रहा है। साथ ही इस स्टेशन मे मेरठ के अन्य स्टेशनों से सबसे ज्यादा प्रवेश/निकास द्वार बनाए गए हैं ताकि यात्री स्टेशन के चारों ओर से आसानी से स्टेशन में आ जा सकें। इस स्टेशन से यात्रियों को नमो भारत और मेरठ मेट्रो दोनों प्रकार की ट्रेन सेवाएं उपलब्ध होंगी।

आपको बता दें कि मेरठ के बेगमपुल में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपनी जरूरत का सामान खरीदने के लिए आते हैं। ये स्टेशन बाजार के बीचों-बीच स्थित है और ट्रेन का संचालन शुरू होने से लोगों के लिए काफी सुविधाजनक हो जाएगा।

यहां चार गेट होंगे। पहले प्रवेश/निकास द्वार का निर्माण अबू लेन की तरफ से आने-जाने वालों को ध्यान में रखकर किया गया है। दूसरा प्रवेश/निकास द्वार सोतीगंज की तरफ से पहुंचने वाले लोगों के लिए बनाया जाएगा। तीसरा गेट नैशनल इंटर कॉलेज की ओर बन रहा है जबकि आखिरी व चौथा प्रवेश/निकास द्वार मेरठ कैंट के क्षेत्र की ओर बनाया जा रहा है।

बेगमपुल स्टेशन की लंबाई लगभग 246 मीटर और चौड़ाई करीब 24.5 मीटर है। स्टेशन की गहराई करीब 22 मीटर है। इतनी गहराई के बावजूद यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा गया है और प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वार पर एक लेवल से दूसरे लेवल पर आने-जाने को अलग-अलग जगहों पर कुल 20 एस्केलेटर्स बनाए जा रहे हैं जिनमें से 13 लगाए जा चुके हैं। स्टेशन पर सीढ़ियों के साथ-साथ पांच लिफ्ट का निर्माण भी किया जाएगा।






बेगमपुल स्टेशन में चार लेवल हैं। ग्राउंड के अलावा, मेजनाइन, कॉनकोर्स और प्लैटफार्म लेवल। कॉनकोर्स लेवेल पर यात्री संबंधी सुविधाएं होंगी जहां यात्री सुरक्षा जांच के बाद एएफसी गेट से अंदर जा सकेंगे। प्लैटफार्म लेवेल आइलेंड टाइप का होगा जहां दोनों दिशा में जाने के लिए ट्रेन मिलेगी।

बेगमपुल स्टेशन पर टनल का काम पहले ही पूरा हो चुका है और तकनीकी कमरे भी लगभग तैयार हैं। स्टेशन के भीतर सीढ़ियां भी लगभग तैयार कर दी गई हैं। इसके अलावा फर्श, फिनिशिंग आदि का कार्य प्रगति पर है। वातानुकूलन के लिए एसी डक्ट्स भी लगाए जा चुके हैं।

बेगमपुल स्टेशन पर दो ट्रैक बनाए जा रहे हैं। अप-लाइन पर ट्रैक डाला जा चुका है, जिसका इंस्टॉलेशन प्रगति पर है। इसे इस तरह बनाया जा रहा है की इस स्टेशन पर एक साथ नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो को संचालित किया जा सके।

ऐसा देश में पहली बार होगा कि नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों एक ही ट्रैक पर दौड़ती नजर आएंगी। बेगमपुल के अलावा मेरठ मे मेरठ सेंट्रल और भैंसाली भी अंडरग्राउंड स्टेशन हैं लेकिन उन पर केवल मेरठ मेट्रो की सुविधा मिलेगी।

## अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है 108 सप्ताही हनुमान चालीसा का पाठ अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रीराम हनुमान चालीसा का 108 मंदिरों में हर मंगलवार को होने वाली हनुमान चालीसा का अभियान अंतिम पड़ाव पर है। 98 अभियान पूरे हो चुके हैं। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष मुक्तानंद प्रधान ने बताया कि हर मंगलवार को किसी न किसी मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ काफी जोश व उल्लास के साथ लगातार चल रहा है। 98 सप्ताह यह कार्यक्रम चल चुका है।


मुक्तानंद प्रधान


रामनिवास यादव

श्रीराम हनुमान समिति के राष्ट्रीय सचिव तथा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव का कहना है कि हनुमान जी की कृपा से यह अभियान लगातार सफलता की ओर बढ़ता जा रहा है। समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

समति के संचालक व कर्ताधर्ता अनिल मास्टर ने कहा कि शीघ्र ही अभियान 108वें चरण को पूरा कर लेगा। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## रक्तदाता दिवस पर धर्मेन्द्र शर्मा को किया सम्मानित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बाल चिकित्सालय सेक्टर-30 में आयोजित कार्यक्रम में एनईए के उपाध्यक्ष एवं फेडरेशन आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा को लगातार स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने में विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।




संस्थान के ब्लड बैंक इंचार्ज प्रोफेसर डॉ सीमा दुआ ने बताया कि धर्मेंद्र शर्मा स्वैच्छिक रक्तदान के साथ-साथ बाल चिकित्सालय में कभी भी रक्त की आवश्यकता होने पर रक्तदान करने के लिए तत्पर रहते हैं एवं ब्लड ग्रुप डाटा बैंक के माध्यम से जरूरतमंदों का सहयोग करने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते हैं कोविड काल में भी गंभीर परिस्थितियों के बावजूद उनके द्वारा बाल चिकित्सालय में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए ब्लड बैंक में रक्त की कमी होने पर प्रत्येक 3 माह के अंतराल पर कुल 7 बार रक्तदान किया था उनकी इस महत्वपूर्ण भूमिका के दृष्टिगत विश्व रक्तदाता दिवस पर चिकित्सालय ने उनको सम्मानित करने का निर्णय लिया।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित किए जाने पर धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से रक्तदान कर रहे हैं और पिछले काफी वर्षों से अपने जन्मदिन शादी की सालगिरह एवं बेटे के जन्मदिन पर रक्तदान करते आ रहे हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

### प्रचार प्रसार को लेकर आयोजित हुई बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयाोजन होगा। इसको लेकर एक बैठक की गई।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के दिशा निर्देशन में 13 जुलाई को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय द्वारा पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गौतम बुद्ध नगर कुनाल वेपा के विश्रामकक्ष में बैठक आहूत की गई। जिसमें अधिक से अधिक वाद चिन्हित एवं निस्तारण के संबंध में तथा राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु पक्षकारगण को सूचित करने के संबंध में तथा व्यापक प्रचार प्रसार के संबंध में चर्चा की गई तथा इस संबंध में न्यायालय कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उक्त बैठक में पीठासीन अधिकारी न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गौतम बुद्ध नगर कुनाल वेपा एवं अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर ऋचा उपाध्याय उपस्थित रहे।

## बैंक खाते से आधार लिंक करा लें महिला पेंशन की लाभार्थी


**नोएडा ( चेतना मंच )।** निराश्रित महिला पेंशन की लाभार्थी महिलाएं अपने बैंक खाते से आधार लिंक करवा लें। इसके लिए बिना पेंशन प्राप्त करने में दिक्कत होगी।



यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने दी है। श्री सोने ने बताया कि शासन/निदेशालय महिला कल्याण विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना' के लाभार्थियों को भुगतान 'आधार बेस्ड प्रणाली' के अन्तर्गत किया जायेगा। अतः उक्त योजना के जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार लिंक (के0 वाई0सी0/अपडेट) नहीं है, वह सभी लाभार्थी यथाशीघ्र अपने संबंधित बैंक शाखा में जाकर अपने बैंक खाते को आधार लिंक कराना सुनिश्चित करें। बैंक खाते से आधार लिंक होने के उपरान्त ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही की किस्त जनपद के समस्त लाभार्थियों को प्राप्त हो सकेगी।

## देश का सबसे बड़ा टॉवर सुपरनोवा दिवालिया घोषित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-94 में स्थित सुपरनोवा परियोजना पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने इस लग्जरी आवासीय और वाणिज्यिक परियोजना के लिए दिवालिया प्रक्रिया को स्वीकार कर लिया है। यह कदम बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा दायर याचिका के बाद उठाया गया है, जिसमें डेवलपर सुपरटेक पर 168.04 करोड़ रुपये के ऋण का भुगतान न करने का आरोप लगाया गया था। जिसके एवज में उसने एनसीएलटी में याचिका दायर की थी।




सुपरनोवा परियोजना को 2012 में शुरू किया गया था, जो नोएडा की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इसे भारत की सबसे बड़ी मिश्रित उपयोग वाली परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया गया था, जो 50 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें चार प्रमुख टावर शामिल हैं, जिनमें स्पाइरा 80 मंजिला और 300 मीटर ऊंचा टावर भारत का सबसे ऊंचा मिश्रित उपयोग वाला प्रोजेक्ट बनने की उम्मीद कर रहा था। हालांकि, परियोजना के वित्तीय पहलू चिंता का विषय बन गए हैं।

सुपरटेक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम से 735.58 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मांगी थी, जिसमें से 150 करोड़ रुपये बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने दिए थे। लेकिन कंपनी इस ऋण का भुगतान करने में विफल रही, जिससे बैंक को एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाना पड़ा। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण का भी परियोजना पर 2100 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है।

इस परियोजना में दो हजार से अधिक घर खरीदार हैं, जिनमें से केवल एक हजार को ही अब तक कब्जा मिला है। इस मामले में सुपरटेक ने अपने बचाव में कहा कि वह आर्थिक मंदी और वित्तीय संकट का शिकार है। कंपनी ने 2010-2015 के दौरान भूमि अधिग्रहण विवादों का हवाला दिया, जिसने उनके व्यवसाय को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया। अब यह देखना होगा कि क्या यह कदम इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पटरी पर लौटा पाएगा, या फिर यह नोएडा के विकास के सपने के लिए एक बड़ा झटका साबित होगा।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

## दादरी की नवीन सब्जी मंडी में कई किलो पॉलिथीन जप्त

**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी क्षेत्र में स्थित नवीन सब्ज़ी मंडी में नगर पालिका परिषद दादरी ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान चलाया। नगर पालिका परिषद के कर अधीक्षक सर्वेश चौधरी के नेर्त्तव में चलाये गए इस अभियान में 3 दुकानदारों पर पॉलीथीन पाए जाने पर जुर्माना लगाया गया है। सरकार ने प्रदूषण और पर्यावरण की रक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है।


नगर पालिका परिषद् के अधिशासी अधिकारी ने बताया की नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान चलाया जिसमे नवीन सब्ज़ी मंडी में से 45 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गयी और 3 दुकानदारों से पॉलीथिन पाए जाने पर 2500 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया है।

अधिशासी अधिकारी ने बताया की शासन द्वारा 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंद लगा दिया था जिसके बावजूद दुकानदारों व रेहडी पटरी वालो द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक का निरंतर इस्तेमाल किया जा रहा है।



अधिशासी अधिकारी ने बताया की नगर पालिका सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए प्रतिदिन अभियान चला रही है। अभियान में जिन दुकानदारों और रेहडी पटरी वालो के पास से पॉलीथिन पाया जाएगा उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही होगी। नगर पालिका द्वारा चलाये गए इस जब्तीकरण अभियान में दादरी नगर पालिका परिषद के ज़ाकिर हुसैन का0 कर प्रभारी, फिरोज अहमद का. वसूलीकर्ता, रामप्रवेश पाल, बिजेन्द्र सिह स्वास्थ्य प्रभारी, सोहराब, का0 स्वास्थ्य प्रभारी, सुधीर कुमार का वसूलीकर्ता, पीयूष शर्मा, का0 वसूलीकर्ता, सोबीर सिंह का. वसूलीकर्ता, तुषार शर्मा, बिल कलेक्टर, आलोक कुमार यादव का0 जलकल लिपिक आदि पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!



Certified by :
ISO 9001
startupindia
MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com